रिश के चलते कलेक्टर- एसपी ने शहर में भ्रमण कर जल भराव वाले स्थानों का जायजा लिया, सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

# ा के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर, पुल पुलियों पर की गई सुरक्षा व्यवस्था

ने में प्रशासन
म द्वारा सभी
निर्देश जारी
स विभाग को
ानी के लिए
की गई है ।
स अधीक्षक
ील पाटीदार
ी वर्षा से हुए
भ्रमण किया

२१७

## लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर एसडीएम अभिषेक गहलोत तथा तहसीलदार श्री गोपाल सोनी,राजस्व तथा नगर निगम के अमले द्वारा शहर रतलाम में निचली बस्तियों में पानी भर जाने से रहवासियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शहर के भोई मोहल्ला, लाल जी का वास, बिरियाखेड़ी, कसाई मंडी क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उनके लिएभोजन व्यवस्था भी की गई ,लगभग 600 भोजन पैकेट वितरित किए गए।

## कलेक्टर एसपी ने जायजा लिया

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम तथा एसपी श्री गौरव तिवारी द्वारा रविवार प्रातः शहर के काजीपुरा , दानीपुरा, दो बत्ती, सेरानीपुरा ,मुखर्जी नगर, सिद्धांत चलम एक्सटेंशन कॉलोनियों में पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया गया। साथ में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया भी थे। कलेक्टर ने रहवासियों से चर्चा की, उनकी समस्या सुनी और तत्काल निराकरण के लिए निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया।

**नालों से अतिक्रमण हटेगा** : कलेक्टर कुमार पुरुषोतम द्वारा सुबह निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मकानों में वर्षा के जलभराव का मुख्य कारण नालो पर अतिक्रमण है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा मौसम पश्चात अक्टूबर माह में सीमांकन किया जाकर नालों से अतिक्रमण हटाया जाए। ताकि भविष्य में जलभराव नहीं हो इस दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी,उपायुक्त विकास सोलंकी भी मौजूद थे।

**बांगरोद तालाब ओवरफ्लो अधिकारी पहुंचे** : ग्राम बांगरोद के आर ई एस के तालाब मै ओवरफ्लो की सूचना मिलने पर कलेक्टर द्वारां तहसीलदार रमेश मसारे एवं श्रीमती अनीता चौकोटिया को मौके पर भेजा गया साथ ही आर ई एस के कार्यपालन यंत्री को भी मौके पर जायजा लेने के लिए निर्देशित किया गया ।भविष्य में तालाब पर कोई नुकसान या ओवर फ्लो नहीं हो इसके लिए कार्यपालन यंत्री कोआकलन हेतु निर्देश दिए।

**कंट्रोल रूम स्थापित** : नगर निगम रतलाम द्वारा वर्षा के मौसम में किसी भी सूचना एवं जानकारी के आदान-प्रदान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नंबर 07412 2 70563 है इसके अलावा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पूर्व से कार्यरत है जिसका नंबर 07412 270 416 है।

२१७ एक्सप्रेस २०/९/२१

# प्रशासन अलर्ट | बारिश के चलते अधिकारियों ने किया निरीक्षण, अब पुल पुलियों पर की गई सुरक्षा व्यवस्था





रतलाम । भारी वर्षा के मद्देनजर पूरे जिले में प्रशासन अलर्ट पर हैं कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सभी एसडीएम तहसीलदारों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग को पुल पुलिया रपटों पर विशेष रुप से निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है सुरक्षा व्यवस्था की गई है रविवार सुबह कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी द्वारा रतलाम शहर के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा से हुए जलजमाव एवं अन्य आकलन के लिए भ्रमण किया जाकर जायजा लिया गया। वहीं कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम तथा पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी द्वारा रविवार को प्रात: शहर के हनुमान ताल पहुंचकर मूर्ति विसर्जन संबंधी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया इसी स्थान पर मूर्तियां एकत्र की जा कर विसर्जन हेतु अन्यत्र जल स्त्रोत पर पहुंचाई जा रही है हनुमान ताल पर नायब तहसीलदार श्री संतोष रतनावत तथा सुश्री पूजा भाटी तैनात थे निगम अमला भी कार्यरत था।

## कलेक्टर एसपी ने जायजा लिया

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम तथा एसपी श्री गौरव तिवारी द्वारा रविवार प्रात: शहर के काजीपुरा, दानीपुरा, दो बत्ती, सेरानीपुरा, मुखर्जी नगर, सिद्धांत चलम एक्सटेंशन कॉलोनियों में पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया गया साथ में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया भी थे कलेक्टर ने रहवासियों से चर्चा की, उनकी समस्या सुनी और तत्काल निराकरण के लिए निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया

## नालों से अतिक्रमण हटेगा

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सुबह निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मकानों में वर्षा के जलभराव का मुख्य कारण नालों पर अतिक्रमण है कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा मौसम पश्चात अक्टूबर माह में सीमांकन किया जाकर नालों से अतिक्रमण हटाया जाए ताकि भविष्य में जलभराव नहीं होइस दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री श्री मोहम्मद हनीफ शेख श्री सुरेश व्यास सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी उपायुक्त श्री विकास सोलंकी भी मौजूद थे। इसके साथ ही अन्य व्यवस्था देखी।

## लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत तथा तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, राजस्व तथा नगर निगम के अमले द्वारा शहर रतलाम में निचली बस्तियों में पानी भर जाने से रहवासियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया शहर के भोई मोहल्ला, लाल जी का वास, विरियाखेड़ी, कसाई मंडी क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया उनके लिएभोजन व्यवस्था भी की गई, लगभग 600 भोजन पैकेट वितरित किए गए ग्राम बांगरोद के आर ई एस के तालाब मैं ओवरफ्लो की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा तहसीलदार श्री रमेश मसारे एवंश्रीमती अनीता चौकोटिया को मौके पर भेजा गया साथ ही आर ई एस के कार्यपालन यंत्री को भी मौके पर जायजा लेने के लिए निर्देशित किया गया भविष्य में तालाब पर कोई नुकसान या ओवर फ्लो नहीं हो इसके लिए कार्यपालन यंत्री को।

स्वतंत्र [illegible] २०/९/२१

लगातार बारिश के चलते कलेक्टर- एसपी ने शहर में भ्रमण कर जल भराव वाले स्थानों का जायजा लिया, सुरक्षा को लेकर दिए

# भारी बारिश के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर, पुल पुलियों पर की गई सुरक्षा

रतलाम। भारी वर्षा के मद्देनजर पूरे जिले में प्रशासन अलर्ट पर है. कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सभी एसडीएम तहसीलदारों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग को पुल पुलिया रपटों पर विशेष रुप से निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है .सुरक्षा व्यवस्था की गई है । रविवार सुबह कलेक्टर पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक तिवारी, एडीएम एमएल आर्य, एएसपी सुनील पाटीदार द्वारा रतलाम शहर के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा से हुए जलजमाव एवं अन्य आकलन के लिए भ्रमण किया जाकर जायजा लिया गया।

215

## लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर एसडीएम अभिषेक गहलोत तथा तहसीलदार श्री गोपाल सोनी,राजस्व तथा नगर निगम के अमले द्वारा शहर रतलाम में निचली बस्तियों में पानी भर जाने से रहवासियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शहर के भोई मोहल्ला, लाल जी का वास, बिरियाखेड़ी, कसाई मंडी क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उनके लिएभोजन व्यवस्था भी की गई ,लगभग 600 भोजन पैकेट वितरित किए गए।

## कलेक्टर एसपी ने जायजा लिया

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम तथा एसपी श्री गौरव तिवारी द्वारा रविवार प्रातः शहर के काजीपुरा , दानीपुरा, दो बत्ती, सेरानीपुरा ,मुखर्जी नगर, सिद्धांत चलम एक्सटेंशन कॉलोनियों में पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया गया। साथ में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया भी थे। कलेक्टर ने रहवासियों से चर्चा की, उनकी समस्या सुनी और तत्काल निराकरण के लिए निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया।

**नालों से अतिक्रमण हटेगा** : कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सुबह निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मका
कारण नालों पर अतिक्रमण है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा मौसम पश्चात अक्टूबर माह में सीमांकन किया
जाए। ताकि भविष्य में जलभराव नहीं हो इस दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख,
सोनी,उपायुक्त विकास सोलंकी भी मौजूद थे।

**बांगरोद तालाब ओवरफ्लो अधिकारी पहुंचे**: ग्राम बांगरोद के आर ई एस के तालाब मै ओवरफ्लो की सूचना मि
रमेश मसारे एवं श्रीमती अनीता चौकोटिया को मौके पर भेजा गया साथ ही आर ई एस के कार्यपालन यंत्री
लिए निर्देशित किया गया भविष्य मे तालाब पर कोई नुकसान या ओवर फ्लो नहीं हो इसके लिए कार्यपालन

**कंट्रोल रूम स्थापित**: नगर निगम रतलाम द्वारा वर्षा के मौसम में किसी भी सूचना एवं जानकारी के अ
स्थापित किया गया है जिसका नंबर 07412 2 70563 है इसके अलावा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम
07412 270 416 है।

राज एक्सप्रेस २०/९/११

सीएम के ऐलान के बाद हल-चल | दैनिक वेतनभोगी संविदाकर्मी चाहते हैं रिक्त पदों पर नियमितीकरण, विभाग नई भर्ती को तैयार

# 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती से पहले ही खींचतान

पत्रिका
डे-स्पेशल
मंडे मेगा स्टोरी

## इधर, भर्तियों के इंतजार में ओवरऐज हो गए हजारों बेरोजगार

डॉ. दीपेश अवस्थी
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती के ऐलान के बाद खींचतान भी शुरू हो गई है। विभिन्न विभागों में सालों से पदस्थ संविदा कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी सहित अन्य कर्मचारी चाहते हैं कि नियुक्तियों में उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इसके बाद पद रिक्त रहते हैं तो सीधी भर्ती हो। वहीं विभाग सीधी भर्ती के पक्ष में हैं। इसे लेकर कर्मचारियों ने आंदोलन छेड़ रखा है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में ऐलान किया है कि राज्य के विभिन्न विभागों में एक लाख पदों पर भर्ती शुरू होगी। इसके बाद से सरकारी नौकरी की आस लगाए बैठे युवाओं को उम्मीद बंधी है। वे चाहते हैं कि सरकार जल्द नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। उन्हें यह भी चिंता है कि कहीं यह चुनाव के पूर्व का आश्वासन बनकर न रह जाए।

**विभागों में अस्थायी कर्मी**

48,000
स्थायी कर्मी

80,000
संविदा कर्मी

60,000
कंप्यूटर ऑपरेटर

40,000
आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



(नोट-जानकारी कर्मचारियों से चर्चा के आधार पर)

### प्रदेश में 32.84 लाख बेरोजगार दर्ज

सूबे में लंबे समय से नियुक्तियां नहीं होने के कारण लाखों युवा ओवरएज हो गए हैं। अब मांग उठने लगी है कि सरकार आयु सीमा बढ़ाए। राज्य के रोजगार पोर्टल पर 32 लाख 84 हजार से अधिक बेरोजगार दर्ज हैं। इनमें से 90% मध्यप्रदेश मूल के निवासी हैं, जबकि प्रमुख विभागों में रिक्त पदों की संख्या दो लाख से ज्यादा है। राज्य में सरकारी पदों पर नियुक्ति न होने की बड़ी वजह सरकार की सरकारी नीतियां भी रहीं। पिछले दो दशक में नियमित नियुक्ति के बजाय अस्थायी कर्मियों को ज्यादा भर्ती किया गया। आउटसोर्स पर भी कर्मचारी रखने की परम्परा शुरू हुई।

### छह बिन्दुओं पर जानकारी जुटा रही सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग रिक्त पदों की जानकारी जुटा रहा है। सभी विभागाध्यक्षों, कलेक्टरों से स्थाईकर्मियों के मामले में छह बिन्दुओं पर जानकारी मांगी गई है। इसमें प्रमुख तौर से पूछा गया है कि कितने स्थायीकर्मी पदस्थ हैं, ये कब से काम कर रहे हैं, लेकिन ज्यादातर विभागों ने अभी जानकारी नहीं भेजी है।

### अस्थायीकर्मियों को पहले मिले मौका

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडेय का कहना है कि सरकार को चाहिए कि पहले अस्थायी कर्मियों, संविदाकर्मियों, कम्प्यूटर ऑपरेटर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योग्यता के आधार पर नियमित नियुक्ति दी जाए। इसके बाद पद बचते हैं तो सीधी भर्ती हो।

**विभागों में रिक्त पद**

| | |
|---|---|
| स्वास्थ्य | 35,000 |
| सहकारिता | 13,256 |
| नगरीय प्रशासन | 13,226 |
| महिला बाल विकास | 13,000 |
| पंचायत एवं ग्रामीण | 12,000 |
| स्कूल शिक्षा | 10,345 |
| लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | 10,221 |
| जल संसाधन | 10,219 |
| खाद्य-नागरिक आपूर्ति | 9,216 |
| पिछड़ा वर्ग | 9,116 |
| गृह | 7,661 |
| वन | 7,425 |
| लोक निर्माण | 7,128 |
| ग्रामोद्योग | 5,938 |
| आदिम जाति कल्याण | 5,629 |
| पशु पालन | 5,218 |
| पर्यटन | 5,217 |
| उच्च शिक्षा | 5,203 |
| तकनीकी शिक्षा | 5,036 |
| राजस्व | 5,000 |
| उद्यानिकी | 3,238 |
| कृषि | 2,500 |
| उद्योग | 2,156 |
| श्रम | 1,219 |

## निजी सेक्टर: रोजगार की स्थिति सुधरी, बेरोजगारी दर 3.5 फीसदी पर पहुंची

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ग्वालियर.** कोरोना संक्रमण के कम होते ही मध्यप्रदेश में रोजगार और अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार आने लगा है। यही वजह है कि अब प्रदेश में बेरोजगारी दर राष्ट्रीय दर की तुलना में करीब आधी रह गई है। यह निजी सेक्टर में ज्यादा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआइ) की ताजा रिपोर्ट में मध्यप्रदेश में बेरोजगारी की दर 3.5 फीसदी बताई गई है, जबकि राष्ट्रीय बेरोजगारी की दर 7.6 फीसदी है। सबसे खराब हालत हरियाणा की है, जहां बेरोजगारी की दर 35.7 फीसदी बताई गई है। राजस्थान में यह 26.7 फीसदी है। सबसे कम बेरोजगारी दर 0.0 सिक्किम में है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस हिसाब से एक बार फिर प्रदेश में विकास के रास्ते खुल रहे हैं।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट में खुलासा

### महीने-दर-महीने कैसी रही दर

मध्यप्रदेश में वर्ष 2021 के दौरान बेरोजगारी दर की अगर बात करें तो इस साल जनवरी में 6.2, फरवरी में 2.0, मार्च में 1.5, अप्रेल में 1.4, मई में 5.2, जून में 2.3, जुलाई में 2.3, अगस्त में 3.5 और सितंबर माह में भी 3.5 फीसदी रही है। यानी इस साल के नौ माह में अभी तक औसत बेरोजगारी की दर 3.1 फीसदी रही।

पत्रिका 20/9/21

स्वतंत्र समग्र
२०/९/२१





# भारी बारिश,नदी बना दोबत्ती चौराहा,आवागमन रोका,आधे शहर की बिजली गुल,कई ट्रेनें प्रभावित

स्वतंत्र एलान रिपोर्टर

रतलाम। आधी रात के बाद शुरु हुई मूसलाधार बारिश ने शहर के कई ईलाकों में हाहाकार मचा दिया। सडके नदियों में तब्दील हो गई। घरों और दुकानों में पानी भरा गया। विद्युत मण्डल परिसर के पानी में डूब जाने की वजह से आधे शहर की बिजली गुल कर दी गई। मूसलाधार बारिश ने कई हैरतअंगेज नजारें दिखाए। दोबत्ती चौराहे से न्यूरोड पर पानी इस तरह बह रहा था,जैसे कि यह सडक ना होकर कोई नही हो। पानी के तेज बहाव को देखते हुए इस चौराहे से आवागमन को बन्द कर दिया। कालिका माता स्थित झाली तालाब पूरी तरह भर चुका है। इसे देखने लोगों की भीड भी उमड रही है।

न्यू रोड पर कई दुकानों और मकानों में पानी घुस गया। न्यूरोड पर स्थित एक शोरुम के तलघर में रखा सारा सामान पानी में तैरता दिखाई दिया। अजंता टाकीज क्षेत्र की पुलिस लाइन के तमाम घरों में पानी घुस गया। यहां तक कि पुलिस अधिकारियों के बंगले भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। इन बंगलों में भी पानी घुसा और इस पानी को निकालने में खासी मशक्कत करना पडी।

कई स्थानों पर दीवारें टूट गई। बोहरा कब्रिस्तान के बाहर की एक दीवार भारी बारिश की वजह से टूट गई। उधर नगर निगम परिसर के पीछे बनी नगर निगम की बाउण्ड्रीवाल टूटने से नजर बाग बैंक कालोनी के भी कई मकानों में पीछे से पानी घुस गया।

शहर के तमाम नाले उफान पर है। गुलाब चक्कर से नगर निगम जाने वाले गेट से गुजरने वाला नाला विकराल रुप में बहने लगा। नाले का पानी इस पर बनाई नई पुलिया को छूने लगा।

## कलेक्टर एसपी ने लिया जलभराव का जायज़ा

शहर के नालों में आए उफान और कई इलाकों में हुए जलजमाव का जायजा लेने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी ने भी पूरे शहर का भ्रमण किया। दोनो अधिकारियों ने कोजीपुरा सैरानीपुरा इत्यादि क्षेत्रों से गुजरने वाले नाले का अवलोकन किया। इसके साथ ही दोनो अधिकारी हनुमानताल भी पंहुचे,जहां उन्होने गणपति विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा की गई मूर्ति संग्रहण व्यवस्था को भी देखा। इस मौके पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया भी मौजूद थे।

## धोलावाड डैम के सभी गेट खोले

जबर्दस्त बारिश के चलते आखिरकार इस सीजन में पहली बार ढोलावड डैम के सभी गेट पूरी क्षमता के साथ खोल दिए गए। ढोलावड के प्रभारी एसके मिश्रा ने बताया कि तेज बारिश को देखते हुए जल संसाधन विभाग का तमाम अमला अलर्ट पर रखा गया था। सुबह छः बजे डैम केदो गेट खोले गए थे,लेकिन बाद में बान्ध में पानी की आवक बढने के साथ डैम के सभी गेट खोल दिए गए।

## रेल पटरियां पानी में डूबी,कई ट्रेने प्रभावित

भारी बारिश के चलते रेलवे स्टेशन की तमाम पटरियां पानी में डूब गई। रेलवे स्टेशन के पानी में डूब जाने की वजह से रतलाम से गुजरने वाली कई यात्रीगाडियां प्रभावित हुई है। रेलवे के अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मुंबई की ओर जाने वाली तीन अप गाडियां हरिद्वार-बान्द्रा,भीलवाडा-रतलाम डेमू और नागदा-रतलाम डेमू को रतलाम या उससे पहले रोका गया। इसी तरह मुंवई की ओर से आने वाली डाउन गाडियां बान्द्रा -हरिद्वार,त्रिवेन्द्रम- निजामुद्दीन,महू- रतलाम डेमू और बान्द्रा-कोटा गाडियां इस भारी वर्षा के कारण निर्धारित समय से देरी से चलाई जा रही है। इन सभी गाडियों को रतलाम या उससे पहले रोका गया है। महू-रतलाम डेमू को फतेहाबाद मेंजबकि,बान्द्रा-कोटा ट्रेन को गोधरा में रोका गया। शेष पेज ५ पर स्वतंत्र

# इन चार बातों से जानें...6 इंच बारिश में आखिर क्यों बन गए ऐसे हालात

■ **सफाई** - नालों की सफाई ठीक से नहीं की गई। पूरे नाले साफ करने के बजाए सिर्फ प्रमुख जगह का ही कचरा हटाया गया। 35 लाख की स्कीड स्टीयर मशीन का उपयोग एक बार भी नालों की सफाई में नहीं हुआ। इसके लिए मशीन में चार अटैचमेंट भी हैं जो धूल खा रहे। 48 लाख की पॉकलेन मशीन भी खराब पड़ी है।

• **सीवरेज सिस्टम** - जून 2017 में काम शुरू हुआ था, सवा चार साल बाद भी अधूरा है। लगभग 23850 हजार हाउस कनेक्शन और 4.8 किमी सीवेज लाइन और पंपिंग स्टेशनों में बिजली कनेक्शन होना बाकी। बढ़ाई गई समय सीमा भी जून में खत्म हो चुकी, निगम अफसर कार्रवाई करने के बजाय टाल रहे हैं।

■ **बरसाती नाले** - 2018 में तीन नालों का काम शुरू हुआ था। गोमदड़े पुलिया से उंकाला गणेश 2600 मीटर लंबे नाले में से लगभग 1700, सुभाष नगर से अमृत सागर तालाब तक का 1400 मीटर लंबा नाला 650 मीटर ही पक्का बन पाया है। आबकारी चौराहा से मराठों का वास वाला नाला प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया।

■ **अतिक्रमण** - नालों के किनारे 350 से ज्यादा जगह अतिक्रमण है। चार साल में हटाने को लेकर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। 2017 में नालों के किनारे कच्चा-पक्का कब्जा करने वाले 253 लोगों को नोटिस देकर तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह, सिटी इंजीनियर नागेश वर्मा ने सख्ती से कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया था।

## नुकसानी के आकलन के लिए पांच दल बनाए गए हैं

*बारिश बहुत तेजी हुई इसलिए स्टेशन के ट्रैक फेल हो गए। इस कारण लगभग सुबह 8 से 12 बजे तक ट्रेनों का मूवमेंट रुका रहा। उसके बाद से स्थिति सामान्य हो गई है। मंडल में और कहीं भी ऐसी स्थिति नहीं बनी।*
**विनीत गुप्ता,**
डीआरएम

*नुकसानी के आकलन के लिए 5 दल बनाए हैं। बारिश तेजी से हुई इसलिए ऐसी स्थिति बनी। नगर निगम से चल रहे कार्यों को जल्द पूरा करने मॉनिटरिंग कर रहे हैं। काम की रफ्तार और बढ़वाएंगे।*
**कुमार पुरुषोत्तम,**
कलेक्टर

*रविवार को जनहानि नहीं हुई है। दुर्घटना संभावित इलाकों में पॉइंट लगाए। 8 राहत शिविर बनाए हैं। जरूरत पड़ी तो प्रभावितों को वहां शिफ्ट करेंगे। समाजसेवी संस्थाएं भी भोजन पैकेट दे रही हैं।*
**- गौरव तिवारी,**
एसपी

भास्कर

# लोगों के घर में चूल्हे नहीं जले, यह पता लगते ही भोजन लेकर पहुंचे युवा समाजसेवी



पानी में फंसे लोगों के लिए रसोई बनाते श्याम सेवा परिवार के सदस्य।

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

जोरदार बारिश से निचली बस्तियों में पानी भर गया। उकाला रोड सहित आसपास की निचली बस्तियों में लोगों के घरों में रखी भोजन सामग्री भीग गई है। जैसे ही यह सूचना मोरवीनंदन श्याम सेवा परिवार को लगी।

श्री श्याम रसोड़ा शुरू हो गया। इसके बाद श्री मोरवीनंद श्याम सेवा परिवार के सदस्य उकाला रोड पहुंचे और इन लोगों को भोजन करवाया। श्याम सेवा परिवार आपात की स्थिति में हमेशा तैयार रहता है और एक फोन पर भोजन तैयार कर लोगों तक पहुंचाता है। ग्रुप के जितेंद्र रांका, प्रदीप सिंह सोलंकी, सुरेंद्र सिंह भाटी, गोपाल टेलर, ललित पांचाल, मनमीत कुमावत, कमल बरतिया, आकाश भंवरिया, गगन कसेरा, नीरज पांचाल, सुरेश भाटिया, कपिल अग्रवाल, हरिओम मालवीय, राजेश मेहता, मनीष पालीवाल, जितेंद्र वर्मा, सोनू जैन लड्डू, अरुण लोहार, नितिन पाठक, रजत प्रजापत, कपिल शर्मा, अक्षय पुरोहित, कविता सांखला, गीता देवी सांखला ने बारिश के बावजूद सेवा दी। जितेंद्र राका ने बताया श्याम सेवा परिवार आपात स्थिति में भी हमेशा तैयार रहता है। ऐसी आपात स्थिति में जब भी आपको कोई भोजन के लिए जरूरतमंद दिखाई दे तो तत्काल 6265030426 पर सूचना दें ताकि भोजन पहुंचाया जा सके।

भास्कर

दैनिक भास्कर २०/७/२१

# डेंगू का कहर, 19 दिन में 962 को चढ़ी प्लेटलेट्स

## इलाज : मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक से हो रही आपूर्ति, पिछले सारे रिकार्ड टूटे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। रविवार को एलाइजा जांच के लिए 23 सैंपल लिए गए, लेकिन रिपोर्ट नहीं आई। वहीं एंटीजन जांच में रविवार को भी पचास से अधिक नए मरीज मिले, जो जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में भर्ती होकर उपचार ले रहे हैं।

डेंगू प्रभावित बीमारों के प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रहे हैं। इसका अनुमान जिले की एक मात्र सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक से रोज उपलब्ध कराई जा रही प्लेटलेट्स से लगाया जा सकता है। प्लेटलेट्स के साथ ब्लड की मांग भी बढ़ी है। रविवार को शाम 7.00 बजे तक 65 लोगों को प्लेटलेट्स उपलब्ध हो चुकी थी और लगातार डिमांड भी आ रही थी। 67 यूनिट ब्लड भी दिया गया।



चिकलाना ग्राम में दवाई का छिड़काव करते हुए बद्रीलाल पर्पोडिया आदि। • नईदुनिया

मानव सेवा समिति के मोहन मुरलीवाला ने बताया कि सितंबर के 19 दिन में अब तक 962 लोगों को प्लेटलेट्स उपलब्ध करा चुके हैं। अगस्त में भी 489 लोगों को प्लेटलेट्स दी गई थी। इनमें बीस प्रतिशत लोगों को दोबारा प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ी है। साथ ही इस महीने 300 से अधिक लोगों को ब्लड भी समिति ने उपलब्ध कराया है। ब्लड के बदले ब्लड दिया जा रहा है। मोहन मुरली वाला ने बताया कि इसके पहले कभी इस तरह एक साथ प्लेटलेट्स की डिमांड नहीं हुई। रतलाम जिले के अलावा मंदसौर, झाबुआ जिले तक के लोग प्लेटलेट्स की मांग लेकर आते हैं। मालूम हो कि जिले में एलाइजा जांच से 320 डेंगू के मरीजों की पुष्टि हो चुकी है और किट जांच का आंकड़ा भी 500 पार हो गया है। सरकारी अस्पताल के साथ निजी अस्पतालों में मरीजों को बेड नहीं मिल रहे हैं।

### मलेरिया अधिकारी भी बीमार

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति को भी शनिवार रात में अचानक तेज बुखार आ गया और रात में ही उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। इनकी प्लेटलेट्स भी अस्सी हजार पहुंच गई थी। अस्पताल के डेंगू वार्ड में जगह खाली नहीं होने के कारण रविवार को गीतादेवी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उपचार चल रहा है। सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि रविवार को एक भी एलाइज जांच की रिपोर्ट नहीं आई है, लेकि एंटीजन किट जांच में नए मरीज मिले हैं।

### चिकलाना में किया दवा का छिड़काव

ढोढर। समीपस्थ ग्राम चिकलाना में डेंगू मलेरिया, बुखार के मरीजों की संख बढ़ने के चलते एहतियात के तौर प दवाई का छिड़काव किया गया। इस मौ पर गांव की समस्त नालियों, बाजा तथा संग्रहित हुए बारिश के पानी पर दवाई का छिड़काव कर मलेरिया-डे की रोकथाम का उपाय किया गय ग्राम प्रधान अशोक पाटीदार, सचि शांतिदास बैरागी, उपसरपंच हसन पठान, जनपद सदस्य नारायणसि चंद्रावत, बद्रीलाल पर्पोड़िया, भेरूला मेहता, फय्यूम खान समसुदीन उपस्थित थे। नई

नईदुनिया 20/9/21

# छह घंटे की बारिश ने ही बना दिए बाढ़ 

## निचले इलाकों के घरों में घुसा पानी, सिटी फोरलेनों पर नदी-सा नज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में शनिवार रात से रविवार दोपहर तक बारिश की तेज झड़ी ने कई समस्याएं खड़ी कर दी। रविवार सुबह 8:30 बजे से दोपहर दो बजे तक हुई तेज बारिश के कारण निचले इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए। बारिश इतनी तेज थी कि दो घंटे में ही शहर के अलग-अलग इलाकों से जलभराव की सूचनाएं आने लगी। दस बजे के बाद तो हालात और बिगड़े और शहर के नाले उफान पर आने से आसपास के क्षेत्रों में भी पानी भराने लगा। दोपहर एक बजे बारिश कम होने पर जलस्तर घटने से सभी ने राहत की सांस ली।

शहर के मुख्य बाजार चौमुखीपुल, घास बाजार, खेरादीवास में भी सड़कों पर नदी-सा नजारा रहा। खेरादीवास में तो गैस सिलिंडर ही पानी में बह गए। कसाई मंडी क्षेत्र में जूते-चप्पलों से भरे बोरे बहकर आए तो पानी की टंकियां भी बहती नजर आईं। गोमदड़े की पुलिया, पीएनटी कालोनी, हिम्मत नगर, सिद्धांचलम कालोनी, त्रिवेणी रोड आदि क्षेत्रों में पानी भरा गया।

### बिजली आपूर्ति प्रभावित

बारिश के दौरान सुबह से ही कई क्षेत्रों में फाल्ट के चलते आपूर्ति प्रभावित हुई। कस्तूरबा नगर, शुभम सृष्टि, दो बत्ती डाट की पुल रोड, महालक्ष्मी नगर, काटजू नगर, स्टेशन रोड व आसपास के क्षेत्रों में दोपहर दो बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही।

### निचली बस्तियों के लोगों को आश्रय स्थल पहुंचाया

एसडीएम अभिषेक गेहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी, राजस्व तथा नगर निगम के अमले द्वारा जलभराव वाली निचली बस्तियों भोई मोहल्ला, लालजी का वास, विरियाखेड़ी, कसाई मंडी क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उनके लिए भोजन व्यवस्था कर करीब 600 भोजन पैकेट वितरित किए गए।

### पांच साल बाद 30 घंटे में सर्वाधिक 242 मिमी बारिश

रविवार सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 38.5 मिमी पानी बरसा। आलोट तहसील में 53 मिमी, जावरा में 10 मिमी, ताल में 63 मिमी, पिपलौदा में 45 मिमी, बाजना में 15 मिमी, रतलाम में 74 मिमी, रावटी में 12 मिमी, सैलाना तहसील में 36 मिमी बारिश दर्ज की गई। रविवार सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक रतलाम शहर में 168 मिमी बारिश हुई। मानसून में इस बार 15 सितंबर तक डैम का जलस्तर 394 के करीब रहा। तेज बारिश के कारण पहली बार शनिवार को डैम का एक गेट खोला गया था, जबकि रविवार को हुई भारी बारिश के बाद सुबह 10 बजे दो और बाद में सभी छह गेट खोल दिए गए।

**धोलावड़ डैम : सुबह 10 बजे दो और बाद में सभी छह गेट खोल दिए**



भारी बारिश के बाद रविवार सुबह धोलावड़ डैम के छह गेट खोल दिए गए। ● नईदुनिया



बांगरोद गांव में घुसा तालाब का ओवरफ्लो बैक वाटर। ● नईदुनिया

# कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस आज, शाम को बुलाई कैबिनेट

## आइजी-पुलिस अधीक्षकों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लेंगे मैदानी स्थिति की जानकारी

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को कलेक्टर-कमिश्नर, आइजी और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस करेंगे। पांच माह बाद होने वाली इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में कानून-व्यवस्था के अलावा अन्न योजना, खाद-बीज की स्थिति, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सहित अन्य योजनाओं की जिलेवार समीक्षा होगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने शाम छह बजे कैबिनेट की बैठक भी बुलाई है। इसमें जनकल्याण और सुराज अभियान में सक्रिय भागीदारी के निर्देश मंत्री को दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष दो बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर-कमिश्नर और आइजी-पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस करके योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। यह बैठक 23 अगस्त को होनी थी लेकिन इसे स्थगित करके 13 सितंबर को प्रस्तावित किया था। मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण 13 सितंबर की जगह अब 20 सितंबर को यह कांफ्रेंस हो रही है। इसमें कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर जिलों में उठाए गए कदमों के साथ आक्सीजन संयंत्र की स्थापना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं पर अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी। पुलिस अधिकारियों से अनुसूचित जनजाति वर्ग के मामलों सहित कानून व्यवस्था की स्थिति पर जानकारी ली जाएगी।

**कैबिनेट बैठक में अभियान को लेकर बनेगी रणनीति :** आमतौर पर कैबिनेट बैठक मंगलवार को होती है लेकिन मुख्य सचिव कार्यालय से सभी मंत्रियों को संदेश दिए गए कि सोमवार को शाम छह बजे कैबिनेट बैठक होगी। इसमें जो मंत्री भोपाल में मौजूद हैं, वे मंत्रालय से और बाकी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। यह संभावना भी जताई जा रही है कि इसमें मुख्यमंत्री मंत्रियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ हुए जनकल्याण से सुराज अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चर्चा करेंगे और मंत्रियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।



राज्यपाल पटेल से भेंट करते से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान। ● जनसंपर्क विभाग

### राज्यपाल पटेल से मुख्यमंत्री चौहान की सौजन्य भेंट

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं सहित अन्य मुद्दों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री की ओर से आदिवासी वर्ग के युवाओं को रोजगार देने के लिए एक वर्ष के भीतर जनजाति वर्ग के सभी बैकलाग पदों पर भर्ती को लेकर किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी राज्यपाल को बताया गया।

### जनजातीय गांवों में राशन भेजने वाली गाड़ी भी इसी वर्ग के व्यक्ति की होगी

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास भाजपा का मूल मंत्र है। प्रदेश सरकार ने राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर जो घोषणाएं की है, वे इसी को प्रदर्शित करती हैं। जनजातियों के हित मे की गई इन घोषणाओं के लिए मैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देता हूं। राशन आपके द्वार योजना के अंतर्गत जनजातीय गांवों मे घर-घर राशन पहुंचाया जाएगा। जिस गाड़ी से राशन भेजा जाएगा, वो गाड़ी भी जनजातीय समाज के व्यक्ति की ही होगी यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कही। रविवार को मीडिया से चच में उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव ऐसे ही योद्धाओं से नई पीढ़ी का परिचय कराने का प्रयास है, जिन्होंने सर्वस्व बलिदान कर दिया था।

नई.

नईदुनिया २०|९|२१

**नया खतरा : केंद्र ने दिए बचाव की कार्रवाई के निर्देश**

# मध्यप्रदेश समेत देश के 11 राज्यों में डेंगू का सीरोटाइप-2

## अन्य स्वरूपों के मुकाबले ज्यादा जटिल स्ट्रेन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत 11 राज्यों में डेंगू के ज्यादा खतरनाक स्ट्रेन सीरोटाइप-2 के मामले सामने आ रहे हैं। केंद्र ने इन राज्यों को मामलों का शुरुआती दौर में ही पता लगाने, बुखार हैल्पलाइन शुरू करने, पर्याप्त मात्रा में जांच किट, लार्वानाशक व दवाओं का भंडार रखने जैसे कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कोविड-19 की स्थिति पर उच्च स्तरीय बैठक में स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को सीरोटाइप-2 डेंगू की त्वरित जांच के लिए टीमों की तैनाती करने के लिए कहा। बुखार सर्वेक्षण, संपर्कों का पता लगाने, रोगवाहकों पर नियंत्रण के अलावा प्लेटलेट के पर्याप्त भंडार के लिए रक्त बैंकों को तैयार रखने की भी हिदायत दी गई। सीरोटाइप-2 डेंगू के अन्य स्वरूपों के मुकाबले अधिक जटिल है। बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने कोरोना की उच्च संक्रमण दर वाले 15 राज्यों को जरूरी एहतियात बरतने के लिए कहा। उनके मुताबिक 15 राज्यों के 34 जिलों में संक्रमण दर 10 फीसदी से ज्यादा व 36 जिलों में 5-10 फीसदी है।

### ये हैं 11 राज्य




**यह हैं लक्षण**

**डेंगू का** यह स्ट्रेन अक्सर ब्लीडिंग की वजह बनता है। मसूड़ों और नाक से खून आ सकता है। प्लेटलेट्स तेजी से कम होने लगते हैं। यह ब्लड प्रेशर भी तेजी से बढ़ाता है। सिरदर्द, बुखार, हड्डियों में दर्द डेंगू के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं।

### कोरोना प्रबंधन की भी हुई समीक्षा

**कैबिनेट** सचिव राजीव गौबा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोविड प्रबंधन और रणनीति की समीक्षा की। उन्होंने राज्यों से कहा कि कोविड नियमों का कड़ाई से पालन किए जाने की आवश्यकता है। गौबा ने देश के कुछ हिस्सों में उच्च संक्रमण दर पर चिंता जताई।

पत्रिका

पत्रिका 20/9/21

# 15 साल बाद जामड़ पुलिया पर आया पानी,
# टर तक खोले, केदारेश्वर में रौद्र हुआ झरना

डूब गए। रपट पर पानी आ जाने से कई क्षेत्रों का संपर्क टूट
न में घंटों कई स्थानों का संपर्क टूटा रहा। हालांकि अच्छी बात यह रही कि रात तक कहीं से भी जनहानि का समाचार नहीं मिला। ऐसे रहे जिले के गांवों के हालात...।

**बाद यह स्थिति बनी**



गेट 3 मीटर तक खोले।
दिया।

**सैलाना : केदारेश्वर महादेव मंदिर का झरना पूरे वेग से चला, सीजन में दूसरी बार झरना बहा**




सैलाना | सैलाना में देर रात से बारिश का दौर शुरू हुआ। अडवानिया स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर का झरना पूरे वेग के साथ बहा। इस साल दूसरी बार यह मौका है, जब झरने का ऐसा रूप दिखा। फोटो - सुरेश मालवीय

भास्कर

२०/९/२१

# 6 घंटे लगातार मेघ झड़ी, 168 मिली पानी ही

## रपट से कार निकालने के दौरान बही, चालक को बचाया, धोलावड़ डेम के गेट खोलकर निकाला गया 15 एमसीए

रतलाम. मौसम केन्द्र के पूर्वानुमान के बाद रविवार को तलाम में मेघ जमकर बरसे। करीब छह घंटे तक लगातार जारी बारिश के बाद समूचा शहर जलजमाव की जद में आ गया। ड़कों ने तलैया का रूप ले लिया ो मुख्य बाजार सहित एक दर्जन े ज्यादा कॉलोनियों में भारी लजमाव हो गया। रेलवे ट्रैक भी करीब 4 घंटे तक पानी में डूबा हा। वहीं, धोलावाड़ सहित नुमान ताल में पानी की भारी ावक जारी है। आपदा प्रबंधन ी टीमें शहर में बचाव और राहत ार्यों के लिए जुटीं लेकिन पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण वासियों के आक्रोश का सामना ी करना पड़ा। कई घरों में पानी सने से सामान भी खराब हो या। ईश्वर नगर में एक मकान तिग्रस्त हो गया तो कुड़ैल नदी उफान में एक कार बह गई, ालक को सुरक्षित बचा लिया ा। करीब सवा 6 इंच बारिश के द के हालातों का कलेक्टर- पी और निगमायुक्त ने जायजा कर खाने के पैकेट आदि वाए, अफसरों के मुताबिक, शाम तक सभी जगह हालात ंत्रण में आ गए।

### सवा 6 इंच बारिश...घरों में घुसा

रतलाम में रविवार की सुबह लोगों के लिए आफत की बारिश लेकर आई जिसने हर तरफ हाहाकार मचा दिया। करीब 5.30 घंटे के दौरान सवा 6 इंच से अधिक बारिश रतलाम शहर में दर्ज की गई। बारिश के चलते लोगों के घरों में पानी भरा गया जिसके चलते उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। बारिश का दौर जब थमने लगा तब जाकर जिम्मेदार शहर की सड़कों पर उतरे और उनकी लापरवाही से बदहाल हुई शहर की तस्वीर को देखते नजर आए। झमाझम बारिश का यह दौर शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों में भी बना हुआ था जिसके चलते गांव के नदी नाले भी उफान पर आ गए थे जिसके चलते छोटी रपटें और पुलिया पर आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई थी। बारिश का दौर थमने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों का भी जायजा लिया। राहत की बात यह रही कि कहीं पर भी कोई जनहानि नहीं हुई हालांकि लोगों को काफी नुकसान हुआ है।



#### घड़ी से समझे बारिश को

सुबह 7 से 8 बजे
**16 मिलीमीटर**

सुबह 8 बजे से 9 बजे
**50 मिलीमीटर**

सुबह 9 से 10 बजे
**52 मिलीमीटर**

सुबह 10 से 11 बजे
**46 मिलीमीटर**

सुबह 11 से 12 बजे
**04 मिलीमीटर**

**कुल 168 मिलीमीटर बारिश हुई**



### ...कार बही, चालक को बचाया

बड़नगर तरफ से बरसते पानी में रविवार को रतलाम आ रहे रतलाम के एक युवक हौरव परासिया की कार उस समय पानी में बह गई जब वह कुड़ैल नदी का रपटा पार कर रहा था। घटना रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे की है। कार चालक ने नदी के रपटे पर कार डाली तब पानी बहुत कम था और अचानक ही पानी का हिलोरा आया और उसकी कार को बहा ले गया। बिलपांक टीआई दीपक शेजवार ने बताया ग्रामीणों को सूचना मिलने के बाद ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों ने आगे जाकर कार से युवक को सुरक्षित निकाला और कार भी निकाल ली।

**क्षमता का 30% पानी-** धोलावड़ जलाशय की ऊंचाई 15 मीटर तय है। इसकी जलसंग्रहण क्षमता 49.5 एमसीएम पानी की है। 15 एमसीएम यानि करीब 30 फीसदी पानी बहाना पड़ गया।



### छलका हनुमान ताल, वेस्ट वेयर से बह





चौमुखीपुल क्षेत्र में इस तरह पानी भरा। यहां कुछ वाहन पानी में गिर भी गए। लोगों ने मदद कर उठाया।

## बाईजी का वासः तेज बारिश के बाद मकान ढहे



रविवार को तेज बारिश के दौर के बाद बाईजी का वास में दीवार गिर गई। परिवार के दो लोग घायल भी हुए।

## शास्त्री नगर : नाले की दीवार टूटी, मंडी पूरी तरह जलमग्न



ये तस्वीर शास्त्री नगर मंडी की है। नाला घंटों उफान पर रहा और इसका पानी सड़क पर बह निकला। नतीजा यह हुआ कि शास्त्री नगर मुख्य सड़क के अलावा अंदर की गलियों व सड़कों पर भी पानी भर गया। लहसुन-प्याज मंडी जलमग्न हो गई। वहीं कुछ गलियों में शाम तक पानी भरा रहा।



न्यू रोड क्षेत्र में तेज बहाव से पानी आने लगा। यहां तैनात पुलिसकर्मियों ने लोगों को जाने से रोका। दोपहर तक पानी का बहाव जारी रहा।

## जवाहर नगर : सड़क पर कमर-कमर तक आया पानी



जवाहर नगर क्षेत्र में नाला उफान पर आ गया। यहां सड़क पर कमर-कमर तक पानी हो गया। लोगों ने एक-दूसरे की मदद की।

## पावर हाउस रोड : सड़क के ऊपर से बह निकला नाला



पावर हाउस रोड पर नाले का पानी आने से देवप्रस्थ अपार्टमेंट व आकाशदीप अपार्टमेंट के ग्राउंड-फ्लोर पर बने ऑफिस-घर में पानी घुस गया।

## मिल्लत नगर : पुल पर आया पानी घरों में घुसा



मिल्लत नगर में नाले का पानी घरों में घुस गया और लोग घंटों उलीचते रहे।

दै. भास्कर 20/9/21

# एहतियातन... अफसरों ने जाने हाल, कलेक्टर-एसपी पहुंचे जलजमाव वाले इलाकों में



रतलाम. भारी बारिश से बदहाल हुई व्यवस्था के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर आया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सभी एसडीएम तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग को पुल, पुलिया, रपटों पर विशेष रूप से निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में हुए जलजमाव सहित अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। भारी बारिश की संभावना बनी होने के कारण लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम अभिषेक गहलोत तथा तहसीलदार गोपाल सोनी, राजस्व तथा नगर निगम के अमले द्वारा शहर रतलाम में निचली बस्तियों में पानी भर जाने से रहवासियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शहर के भोई मोहल्ला, लालजी का वास, बिरियाखेड़ी, कसाई मंडी क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। करीब 600 भोजन पैकेट वितरित किए गए।

## इन क्षेत्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर-एसपी ने शहर के काजीपुरा, दानीपुरा, दो बत्ती, शेरानीपुरा, मुखर्जी नगर, सिद्धांत चलम एक्सटेंशन कॉलोनियों में पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया। साथ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया भी थे। कलेक्टर ने रहवासियों से चर्चा की और उनकी समस्या सुनी और तत्काल निराकरण के लिए निगमायुक्त को निर्देशित किया।

## बांगरोद पहुंचे अधिकारी

ग्राम बांगरोद के आर ई एस के तालाब में ओवरफ्लो की सूचना मिलने पर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार रमेश मसारे एवं अनीता चौकोटिया को मौके पर भेजा गया। साथ ही आर ई एस के कार्यपालन यंत्री को भी मौके पर जायजा लेने के लिए निर्देशित किया गया। भविष्य में तालाब पर कोई नुकसान या ओवर फ्लो नहीं हो इसके लिए कार्यपालन यंत्री को आकलन के लिए निर्देश दिए।

## कंट्रोल रूम

07412 2 70563 - नगर निगम रतलाम
07412 270 416 - जिला स्तरीय कंट्रोल रूम

पत्रिका २०/७/२१

**हाल-ए-मौसम :** आज से बारिश का नया दौर, शुरुआत विदर्भ से

# 13 राज्यों में भारी बारिश के आसार, सितंबर में 33 फीसदी ज्यादा बारिश

## इस मानसून सीजन में अभी 4% का घाटा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. देश में मानसून की सक्रियता के कारण बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग (आइएमडी) का अनुमान है कि अगले पांच दिन तक 13 राज्यों दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, पूर्वी यूपी, मध्यप्रदेश, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व पुडुचेरी में भारी बारिश के आसार हैं। मानसून के लगातार मेहरबान रहने से सितंबर माह में अब तक औसत से 33% अधिक बारिश हो चुकी है। यह स्थिति मध्य क्षेत्र में लगातार बन रहे कम दबाव के क्षेत्र से बनी हुई है। देश में इस मानसून सीजन में अगस्त तक बारिश का 9% घाटा था, जो अब 4% रह गया है।




## राजस्थान : कुछ इलाकों में अलर्ट

**आइएमडी** के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बनने से बारिश का एक और दौर सोमवार से शुरू होगा। शुरुआत महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र से होगी। मौसम विभाग ने दिल्ली में 21 से 24 सितंबर तक येलो अलर्ट जारी किया है। मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्सों और छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में भी बारिश के आसार हैं। गुजरात के वडोदरा और राजस्थान के उदयपुर, सीहोर व जालोर जैसे इलाकों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पत्रिका

## मौसम के सटीक अनुमान के लिए उप-योजना बनाई

**आने** वाले साल में मौसम पूर्वानुमान को सटीक व प्रभावी बनाने तथा समय पर इसकी जानकारी के प्रसारण के लिए केंद्र सरकार ने 'पूर्वानुमान सेवाओं के उन्नयन' नामक उप-योजना बनाई है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, इससे मौसम के खराब होने संबंधी भविष्यवाणी के बारे में सटीक जानकारी देने के समय में तीन से छह घंटे तक का सुधार लाया जा सकेगा। इस योजना के तहत मौसम पूर्वानुमान को सटीक बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआइ) का उपयोग करने पर भी काम चल रहा है।

पत्रिका 20/9/21

# ा वास में तीन मकान हुए धराशायी, निगम की दीवार भी गिरी



रतलाम. शहर में सुबह 7 बजे बाद से शुरू हुई तेज बारिश का असर आर्थिक रुप से कमजोर बस्तियों में सबसे अधिक हुआ। बाईजी का वास में तीन कच्चे मकान धराशायी हो गए। सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक तेज बारिश का दौर जारी रहा। नगर निगम में बाउंड्रीवाल भी टूटकर गिर गई।

शहर के बाईजी का वास में जो तीन कच्चे आवास धराशायी हुए सबसे पहले मजदूरी करने वाली विधवा महिला परवीन का गिरा। मकान गिरने के बाद आसपास के पड़ोसी मदद को आए व मदद कर रहे थे इतने में एक और पड़ोसी मजदूरी करने वाली भूरी बी का मकान गिर गया। भूरी चाय गैस पर रखकर बाहर बिस्किट लेने गई थी। इसी प्रकार एक अन्य पड़ोसी मजदूरी करने वाली नीलोफर का आवास भी गिर गया।

**यहां गिर गई दीवार-** नगर निगम में जब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, आयुक्त सोमनाथ झारिया व पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी शहर में बारिश के बाद के हालात के जायजा लेने की तैयारी कर रहे थे उसी समय पीछे की तरफ की बाउंड्रीवाल गिर गई। इससे अनिल बरमेचा के घर की दीवार को टूटी दीवार छू गई। इसके बाद नगर निगम की दीवार के सहारे जो ट्रैक्टर खड़ा था वो भी गिर गया। यह दीवार करीब डेढ़ वर्ष बनी थी। इसके बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल को जांच के आदेश दिए है।


**कांग्रेस पहुंची मदद को-** आवास गिरने की सूचना मिलने के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, प्रवक्ता जोएब आरिफ, महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी आदि पहुंचे व मदद की।



पत्रिका

पत्रिका 20/9/21

# भारी बारिश, नदी बना दो बत्ती चौराहा, आवागमन रोका, आधे शहर की बिजली गुल



[illegible] २०/९/२१

# तस्वीरों में हमारे शहर का हाल

# जवाहर नगर में कमर तक पानी, न्यू रोड पर आवाजाही रोकी, पावर हाउस रोड पर ग्राउंड फ्लोर पानी-पानी

रतलाम | तेज बारिश से लगभग सभी निचली बस्तियों में पानी घुस गया। जवाहर नगर में पहली बार कमर-कमर तक पानी रहा तो वहीं शास्त्री नगर, न्यू रोड पर आवाजाही रोकना पड़ी। शेरानीपुरा, काजीपुरा में पुलिस ने मोर्चा संभाला। वहीं शास्त्री नगर का नाला रोड पर बह निकला। तस्वीरों में देखिए शहर का हाल।

**चौमुखीपुल : जोरदार बारिश से वाहन चालक गिरे**



चौमुखीपुल क्षेत्र में इस तरह पानी भरा। यहां कुछ वाहन पानी में गिर भी गए। लोगों ने मदद कर उठाया।

**बाईजी का वासः तेज बारिश के बाद मकान ढहे**



रविवार को तेज बारिश के दौर के बाद बाईजी का वास में दीवार गिर गई। परिवार के दो लोग घायल भी हुए।

**शास्त्री नगर : नाले की दीवार टूटी, मंडी पूरी तरह जलमग्न**

**न्यू रोड : पुलिस ने पानी के तेज बहाव के बाद लोगों को जाने से रोका, दुकानों में पानी घुसा**



न्यू रोड क्षेत्र में तेज बहाव से पानी आने लगा। यहां तैनात पुलिसकर्मियों ने लोगों को जाने से रोका। दोपहर तक पानी का बहाव जारी रहा।

**जवाहर नगर : सड़क पर कमर-कमर तक आया पानी**



**पावर हाउस रोड : सड़क के ऊपर से बह निकला नाला**



# ...बना दिए बाढ़ के हालात, नदी-नाले उफने

## ...फोरलेनों पर नदी-सा नजारा, कहीं सिलिंडर बहे तो कहीं पानी की टंकी

...छह गेट खोल दिए






ुनिया

नईदुनिया २०/७/२१

# अंचल में जोरदार बारिश : 15 साल बाद ज
# धोलावड़ डेम के 4 गेट 3 मीटर तक खोले,

रतलाम | रविवार को तेज बारिश का सिलसिला अंचल में भी जारी था। केदारेश्वर मंदिर का झरना पूरे वेग से बहा। वहीं कई गांवों में लोगों के घर पानी में डूब गए। रपट पर पानी आ जाने से कई क्षेत्रों व गया। अंचल में घंटों कई स्थानों का संपर्क टूटा रहा। हालांि

**रावटी : जोरदार बारिश के चलते जामड़ पुलिया पर दो फीट से ज्यादा पानी, लोग बोले-सालों बाद यह स्थिति बनी**



रावटी | धोलावड़ डेम के कैचमेंट एरिया रतलाम के आसपास तेज बारिश हुई। 24 घंटे में हुई बारिश से धोलावड़ डेम के 4 गेट 3 मीटर तक खोले। रावटी-शिवगढ़ मार्ग के बांसिंद्रा के निकट स्थित जामड़ पुलिया पर 2 फीट से ज्यादा पानी आ गया। ऐसे में मार्ग बंद कर दिया।

**सैलाना : केदारेश्वर म**



सैलाना | सैलाना में देर रात से
यह मौका है, जब झरने का ऐ

दै.भास्कर 20/9/21

सैलाना यार्ड में मिलेंगे कर्मचारियों से, करेंगे डीआरएम से बात

# 'द्वारका'-मजदूर संघ का प्रतिनिधि मंडल आज जाकर देखेगा समस्याएं

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. द्वारका रेसीडेंसी निर्माण के दौरान जो वादे सैलाना यार्ड में रहने वाले रेल कर्मचारियों से निर्माण करने वालों ने किए थे, वो पूरे नहीं होने व प्रशासन व नगर निगम द्वारा सुनवाई नहीं होने के बाद अब कर्मचारियों को रेल संगठन का ही भरोसा बचा है। पत्रिका द्वारा लगातार मामला उठाने के बाद वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ का प्रतिनिधि मंडल अब सोमवार को सैलाना यार्ड जाकर कर्मचारियों से मिलेगा।

द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण करने वालों ने निर्माण के दौरान सैलाना यार्ड में रहने वाले कर्मचारियों से वादा किया था कि पक्की सड़क बनाकर दी जाएगी। उनके क्षेत्र में गंदगी से लेकर नाली की समस्या नहीं होने दी जाएगी। कर्मचारियों के अनुसार बिल्डर ने वादे तोड़ दिए। वे लगातार बिल्डर के चक्कर काटते रहे, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उनको रेल संगठन से ही उम्मीद है कि वो उनके लिए लड़ेंगे।

> सोमवार को द्वारका रेसीडेंसी क्षेत्र के सैलाना यार्ड के कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों से मिला जाएगा। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक से मिलकर समस्याओं के निदान के मामले में बात की जाएगी। - **बीके गर्ग**, मंडल मंत्री, वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ

## मिलकर होगी डीआरएम से बात

सैलाना यार्ड में दोपहर करीब 2 बजे प्रतिनिधिमंडल जाएगा। मंडल मंत्री बीके गर्ग, अध्यक्ष रफीक मंसूरी सहित अन्य इसमे शामिल रहेंगे। शाम को करीब 5 बजे डीआरएम विनीत गुप्ता से कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मिला जाएगा। बताया जा रहा है कि मजदूर संघ ने इस मामले में आरपार की लड़ाई का मन बना लिया है। सोमवार को ही कर्मचारियों को साथ लेकर प्रतिनिधिमंडल मिलेगा। इसके बाद द्वारका रेसीडेंसी के बिल्डन की मुश्किले बढ़ सकती है। क्योंकि डीआरएम गुप्ता पूर्व में ही बोल चुके है कि उनको अब तक शिकायत कर्मचारियों से नहीं मिली है, जिस दिन शिकायत आएगी वे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से सिधी बात कर्मचारियों के हक के लिए करेंगे।

पत्रिका

पत्रिका २०/९/२१

## जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति

| तहसील | अब तक | गत वर्ष की बारिश मिमी |
|---|---|---|
| आलोट | 836.0 | 762.0 |
| जावरा | 1097.0 | 1015.0 |
| ताल | 989.0 | 902.2 |
| पिपलौदा | 764.0 | 878.0 |
| बाजना | 706.0 | 1206.0 |
| रतलाम | 913.0 | 979.0 |
| रावटी | 892.2 | 1044.0 |
| सैलाना | 959.0 | 1210.0 |
| औसत | 894.5 | 999.5 |

**न्यू रोड-डाट की पुल :** इस क्षेत्र में हमेशा की तरह तेज बारिश में सड़क पर नदी सा नजारा देखने को मिला। शास्त्री नगर चौराहे से आगे पानी की निकासी के लिए पाइप डालने का भी कोई असर नहीं दिखा। डाट की पुल मार्ग पर सीसी रोड निर्माण के चलते यहां से बहने वाला पानी डीआरएम कार्यालय परिसर में भरा गया।

**महू रोड बस स्टैंड :** भक्तन की बावड़ी क्षेत्र से आने वाले नाले के उफान पर आने से बस स्टैंड के नए भवन, पास में स्थित सुभाष कांपलेक्स और परिसर में तीन से चार फीट तक पानी भरा रहा। बसों के पहिये पानी में डूब गए।

**रेलवे स्टेशन :** स्टेशन परिसर में बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब गई। रेलवे स्टेशन पर सुबह 9:30 से ट्रेनों का संचालन रोकते हुए आउटर, प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेनों को वहीं रोका गया। दोपहर 12 बजे पानी उतरने के बाद ट्रेनें चलाई गई। सात ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ।

**ऊंकाला रोड:** यहां ऊंकाला गणेश मंदिर में मूर्ति के निचले हिस्से तक पानी भरा गया पास में बहने वाले नाले का पानी भी सड़क पर आने से पूरी रोड जलमग्न हो गई। इस दौरान एक यात्री बस भी पानी के बहाव के चलते फंस गई तो यात्रियों को आसपास के लोगों ने बस से बाहर निकाला।

### मुआवजा देने की मांग

शहर में तेज बारिश से कई गरीब और निचली बस्तियों में पानी भर गया। इससे गरीब जनता को काफी नुकसान हुआ है। शहर कांग्रेस की टीम ने क्षेत्रों का दौरा किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने प्रशासन से बस्तियों का दौरा कर शीघ्र ही सर्वे कर मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

**आम्बा।** शनिवार की रात और रविवार को हुई झमाझम बारिश ने चारों तरफ पानी ही पानी कर दिया। आसपास के सभी नदी-नाले उफान पर आ गए। समूचा जनजीवन ठप हो गया। आम्बा के पास का सूरज कुंड पूर्ण वेग के साथ बहने लगा। इससे प्रकृति का स्वरूप निखर उठा।

**रानीसिंग।** रावटी मार्ग स्थित उंडवा नदी में रतलाम में तेज बारिश होने से 40 से 50 सूअर बहकर आ गए। सभी सूअर तेज बहाव की वजह से मर चुके थे।

**सैलाना।** गत दो-तीन दिनों से क्षेत्र में बारिश का दौर जारी है। क्षेत्र के नदी, नाले, तालाब, कुएं, बावड़ी सभी लबालब होने गए हैं। झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले-खिले नजर आ रहे हैं, लेकिन जिन किसानों ने जल्द पकने वाली सोयाबीन की बोवनी की थी, उनकी चिंता बढ़ी हुई है। किसानों का कहना है कि अब बारिश बंद हो जाना चाहिए। जिन खेतों मे ज्यादा जल भराव होगा और निकासी की व्यवस्था नही होगी, वहां की फसलें सड़ने लग जाएगी। इसका असर सोयाबीन के उत्पादन पर पड़ेगा।

**रावटी।** झमाझम बारिश से आदिवासी अंचल की जीवन रेखा कहे जाने वाले धोलावड़ डैम लबालब हो गया है। शनिवार को डैम का एक गेट खोला गया था, वहीं रविवार सुबह डैम के छह गेट खोल दिए गए। बासिंद्रा में जामण पुलिया के ऊपर से पानी बहने लगा। प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर दोनों तरफ से आवाजाही बंद करवा दी। ग्रामीणों को पुलिया से पानी उतरन के बाद ही आवाजाही करने की समझाइश दी गई।



जवाहरनगर क्षेत्र में घुटनों-घुटनों तक पानी भर गया। ● नईदुनिया



भारी बारिश से जलमग्न न्यू रोड। ● नईदुनिया



बासिंद्रा में जामण नदी की पुलिया पर पानी आने से आवाजाही बंद की गई। ● नईदुनिया

### हनुमान सागर तालाब लबालब

करिया। रुक-रुककर हो रही रिमझिम व झमाझम बारिश के चलते क्षेत्र के अधिकांश जलस्रोत लबालब हो गए है। शनिवार से जारी झमाझम बारिश के क्रम से बढ़ते जलस्तर ने किसानों की रबी फसल के लिए सिंचाई की चिंता काफी हद तक दूर कर दी है। भीषण गर्मी के दौरान करीब पचास छोटे बड़े मजरों-टोलो के मवेशियों के कंठ तर करने वाला हनुमान सागर तालाब रविवार सुबह लबालब हो गया। इस दौरान पूरे वेग से वेस्ट वियर से निकलने वाले जल की निकासी भी शुरू हो गई। उल्लेखनीय है कि मई-जून के दौरान जब आसपास के तमाम जलाशय दम तोड़ देते है, तब हनुमान सागर तालाब में काफी मात्रा में जल संग्रहित रहता है।

नईदुनिया २०/९/२१

**अव्यवस्था** • ना सुविधाघर और यहां पर ना पानी की सुविधा, फिर भी रोज हो रहा 30 बसों का संचालन, जनता को हो रही परेशानी

# 15 साल पहले रोडवेज बसें बंद हुईं, जावरा फाटक पर अभी भी बस स्टैंड, निगम को राजस्व का नुकसान

### सड़क के दोनों ओर खड़ी रहती हैं बसें

भास्कर संवाददाता | रतलाम

प्रदेश सरकार ने रोडवेज बसें 15 साल पहले बंद कर दी, लेकिन जावरा फाटक अंडरब्रिज पर बस स्टैंड अभी भी संचालित है। यहां से जावरा, आलोट के लिए 30 बसों का संचालन रोज हो रहा है। जबकि, यहां से 500 मीटर दूर ही मुख्य बस स्टैंड है। यहां बस स्टैंड संचालन होने से जनता को असुविधा हो रही है साथ ही नगर निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

15 साल पहले जब रोडवेज बसों का संचालन होता था, तब यहां से बसों का संचालन होता था। टिकट खिड़की के साथ मूलभूत सुविधा भी थी, लेकिन 15 साल पहले रोडवेज बसें बंद हो गईं, लेकिन ये बस स्टैंड अभी भी संचालित हो रहा है और यहां से प्राइवेट बसों का संचालन हो रहा है। यहां से 30 बसें रोजाना आलोट और जावरा के लिए दौड़ रही है। मुख्य बस स्टैंड से कम दूरी की सवारियों को नहीं बैठाया जाता है। यहां कम दूरी की सवारियों को बैठाया जाता है। इससे इस बस स्टैंड का संचालन आज भी हो रहा है। यदि मुख्य बस स्टैंड से इस स्टैंड का संचालन होता है तो यात्रियों को भी सुविधा होगी और उन्हें मुख्य बस स्टैंड से जावरा फाटक अंडरब्रिज के यहां नहीं आना पड़ेगा। अभी मुख्य बस स्टैंड से डोसीगांव, सेजावता फंटा सहित कम दूरी की सवारियां नहीं बैठाई जाती है। मुख्य बस स्टैंड से सवारियों को अंडरब्रिज आना पड़ता है। वहीं, नगर निगम को भी फायदा होगा और निगम को राजस्व मिलेगा। क्योंकि, बस स्टैंड से जिन बसों का संचालन होता है नगर निगम उनसे 50 रुपए प्रति बस के आधार पर सुविधा शुल्क वसूलता है। यदि न बसों का संचालन मुख्य बस स्टैंड से होता है तो नगर निगम को रोजाना डेढ़ हजार रुपए की आय होगी। वहीं, यात्रियों को भी सुविधा होगी और मूलभूत सुविधा भी मिलेगी।

## जगह कम होने से बस स्टैंड का संचालन, वाहन चालक हो रहे परेशान



महू रोड पर मुख्य बस स्टैंड होने के बाद भी अंडरब्रिज के पास बस स्टैंड का संचालन हो रहा है।

- मुख्य बस स्टैंड से छोटी दूरी के यात्रियों को नहीं बैठाया जाता है। इससे यात्रियों को मुख्य बस स्टैंड से या तो पैदल आना पड़ता है या ऑटो से। इससे यात्रियों का ऑटो चालकों को 50 रुपए चुकाना पड़ते हैं। वहीं यदि यात्री पैदल जाते हैं तो उन्हें या तो अंडरब्रिज से या फिर फुट ओवरब्रिज से गुजरना पड़ता है।
- यहां ना तो पीने के पानी की सुविधा है और ना ही सुविधाघर है।
- सड़क संकरी होने से रोड पर वाहन खड़े रहते हैं, जाम लगता है।

### दोनों स्टैंड एक ही जगह होना चाहिए, इससे सभी को फायदा

रतलाम जिला बस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुबेंद्रसिंह गुर्जर ने बताया कि अभी मुख्य बस स्टैंड के साथ ही जावरा फाटक अंडरब्रिज के पास भी बसों का संचालन होता है। जबकि दोनों बस स्टैंड एक ही जगह होना चाहिए। इससे सवारियों को फायदा होगा। नगर निगम को भी फायदा होगा। इससे निगम को राजस्व भी मिलेगा।

दै. भास्कर २०/७/२१

# लगातार मेघ झड़ी, 168 मिली पानी ही पानी

## कार निकालने के दौरान बही, चालक को बचाया, धोलावड़ डेम के गेट खोलकर निकाला गया 15 एमसीएम पानी

### सवा 6 इंच बारिश...घरों में घुसा

रतलाम में रविवार की सुबह लोगों के लिए आफत की बारिश लेकर आई जिसने हर तरफ हाहाकार मचा दिया। करीब 5.30 घंटे के दौरान सवा 6 इंच से अधिक बारिश रतलाम शहर में दर्ज की गई। बारिश के चलते लोगों के घरों में पानी भरा गया जिसके चलते उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। बारिश का दौर जब थमने लगा तब जाकर जिम्मेदार शहर की सड़कों पर उतरे और उनकी लापरवाही से बदहाल हुई शहर की तस्वीर को देखते नजर आए। झमाझम बारिश का यह दौर शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों में भी बना हुआ था जिसके चलते गांव के नदी नाले भी उफान पर आ गए थे जिसके चलते छोटी रपटें और पुलिया पर आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई थी। बारिश का दौर थमने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों का भी जायजा लिया। राहत की बात यह रही कि कहीं पर भी कोई जनहानि नहीं हुई हालांकि लोगों को काफी नुकसान हुआ है।



**घड़ी से समझे बारिश को**

सुबह 7 से 8 बजे
**16 मिलीमीटर**

सुबह 8 बजे से 9 बजे
**50 मिलीमीटर**

सुबह 9 से 10 बजे
**52 मिलीमीटर**

सुबह 10 से 11 बजे
**46 मिलीमीटर**

सुबह 11 से 12 बजे
**04 मिलीमीटर**

**कुल 168 मिलीमीटर बारिश हुई**



### ...कार बही, चालक को बचाया

बड़नगर तरफ से बरसते पानी में रविवार को रतलाम आ रहे रतलाम के एक युवक हौरव परासिया की कार उस समय पानी में बह गई जब वह कुड़ैल नदी का रपटा पार कर रहा था। घटना रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे की है। कार चालक ने नदी के रपटे पर कार डाली तब पानी बहुत कम था और अचानक ही पानी का हिलोरा आया और उसकी कार को बहा ले गया। बिलपांक टीआई दीपक शेजवार ने बताया ग्रामीणों को सूचना मिलने के बाद ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों ने आगे जाकर कार से युवक को सुरक्षित निकाला और कार भी निकाल ली।

**क्षमता का 30% पानी-** धोलावड़ जलाशय की ऊंचाई 15 मीटर तय है। इसकी जलसंग्रहण क्षमता 49.5 एमसीएम पानी की है। 15 एमसीएम यानि करीब 30 फीसदी पानी बहाना पड़ गया।




### छलका हनुमान ताल, वेस्ट वेयर से बह निकला पानी



पत्रिका | 20/9/21





## कई जगह रस्सी से लोगो को बचाया, जर्जर मकान भी ढहे

# रतलाम जिले में बा
# लाइने फेल होने स



रतलाम ■ राज न्यूज़ नेटवर्क

रतलाम शहर के लोग बारिश के साथ ही सीवेज लाइने फेल होने के कारण नई परेशानी का भी सामना कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है, यहां सीवेज लाइनों को बिछे एक साल भी नहीं हुआ...शनिवार-रविवार की रात से हुई बारिश के बाद शहर तालाब बन गए। कई जगह पानी भरने से लोग परेशान होते रहें। रविवार सुबह से हुई झमाझम बारिश लोगों के लिए बडी आफत बन गई। हालात यह हो रही है कि, बारिश का पानी सीवेज लाइनों को तक फेल कर रहा है। लोग पहले ही डेंगू व वायरल के कहर के संकट को झेल रहे है, अब ऐसे में सीवेज का गंदा पानी बाहर आने से एक और नई मुसीबत पैदा कर रहा है। वहीं कई जगह लोगों को रेस्कयू कर रस्सी के सहारे बचाना पडा और कई जगह मकान भी ढह गए।

शनिवार रात से ही तेज बारिश का सिलसिला जारी है एवं रविवार को भी यह जिला भारी बारिश के कहर का सामना कर रहा है। बारिश के कारण जिलेभर में नदी-नाले उफान के कारण सड़कों पर पानी भरा है। इस बीच शहर की सीवेज लाइने फेल हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि, इन सीवेज लाइनों को बिछे हुए एक साल भी पुरा नहीं हुआ और इसका सत्यानाश हो गया। नगर निगम द्वारा इस जिले में सीवेज लाइनों को बनाने या कहे बिछाने का कोई मतलब ही नहीं रहा है, ऐसे कैसे सीवेज लाइनों को बनाया कि, जो एक साल भी नहीं टिकी और रतलाम शहर के लोग बारिश के संकट के साथ ही इसका परेशानी का भी सामना कर रहे है।

लोगों के घरों में कैसे पानी बह रहा है एवं भरा हुआ है। तो वहीं, सड़कें नदी व तालाब जैसी नजर आ रही है। बारिश के पानी की आफत के बीच सीवेज लाइनों के फेल होने व नालियों की सफाई समय से नहीं होने के कारण शहर के ऐसे हालात बने। ऐसे हालातों को देखने से नगर निगम पर सवाल उठता ही है कि, आखिर कैसे सीवेज लाइनों को बिछाया कि, एक साल के अंदर की ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है।

### शहर में 24 घंटे में

इसके साथ यह भी बताते चले कि, रतलाम शहर
नगर, डोंगरे नगर ,शिवम कॉलोनी, चौमुखीपुल,
गया, सड़कें भी जलमग्न है। मिली जानकारी के
24 घंटे में रतलाम में 3 इंच बारिश दर्ज की गई
मुताबिक, आज सुबह 8 बजे तक जिले में औसत
तक कुल साढे 36 इंच बारिश दर्ज की गई है। ज
इसके विपरित जिले में सबसे कम बारिश बाजना

# मूसलधार बारिश से बस्तियों, सड़क किनारे मकानों में पानी घुसा

## चारों ओर पानी ही पानी के नजारे दिखे, छह घंटे में 7 इंच बारिश

## विद्युत प्रवाह बाधित, रेलवे और सड़क यातायात भी प्रभावित

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर सहित आसपास इलाके में आज मूसलधार बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हो गया। प्रात: 8 से लगाकर दोपहर 2 बजे तक 160 मि.मी. (याने करीब 7 इंच ) वर्षा रिकार्ड दर्ज की गई है। जबकि प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों में रतलाम में 74 मि.मी. (याने तीन इंच) वर्षा दर्ज की गई थी। इस तरह हुई जोरदार बारिश के कारण जहां विद्युत प्रवाह बाधित हुआ, वहीं रेल और सड़क मार्ग भी घंटों तक जाम रहा। धोलावाड़ जलाशय के छह ही गेट आज खोल दिए गए। शनिवार को ग्राम करमदी की रपट पर आए पानी की वजह से एक बाइक चालक डूबते-डूबते बचा, जबकि उसकी बाइक पानी के बहाव में बह गई। दोपहर बाद थोड़ी देर के लिए धूप भी निकल गई, जिससे लोगों को राहत भी मिली। वहीं बारिश भी रूक गई थी।

शनिवार रात से ही मूसलधार बारिश इतनी जोरदार हुई कि रतलाम शहर का शायद ही कोई इलाका ऐसा बचा होगा जहां पर जल प्लावन की स्थिति नहीं बनी हो। शहर की निचली बस्तियों में जलबहाव के कारण लोगों को अन्य स्थानों पर भेजा गया। भोईपुरा, शैरानीपुरा, सिलावटों का वास, हरिजन बस्ती सहित वकील कॉलोनी के समीप बनी आदिवासियों की बस्ती में भी पानी भर गया। इसी तरह दो बत्ती, डंकाला रोड, चौमुखीपुल, सहित अन्य बस्तियों में 2 से 5 फीट तक पानी सड़कों पर भरा हुआ था। इसी कारण कई घरों में भी पानी घुस गया। जिस स्थान के आसपास बड़े-बड़े नाले बह रहे है वहां तो स्थिति बहुत चिंताजनक हो गई थी।

जैन स्कूल के पीछे बोहरा कब्रिस्तान की दीवार टूटने से पटेल कॉलोनी के कई मकानों में पानी घ्स गया। कलेक्टर कुमार पुरु , निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने कई बस्तियों का



सब्जी मंडी में इस तरह पानी भराया

### लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम अभिषेक गहलोत तथा तहसीलदार गोपाल सोनी,राजस्व तथा नगर निगम के अमले द्वारा शहर रतलाम में निचली बस्तियों में पानी भर जाने से रहवासियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया । शहर के भोई मोहल्ला, लालजी का वास, बिरियाखेड़ी, कसाई मंडी क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया उनके लिए भोजन व्यवस्था भी की गई ,लगभग 600 भोजन पैकेट वितरित किए गए।

पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी के पास भी कई प्रभावित बस्तियों के लोग पहुंचे तथा उन्होंने सहयोग की अपेक्षा की, तत्पश्चात उन्होंने अधिकारियों को फोन पर निर्देश देते हुए प्रभावितों को आवश्यक मदद करने को कहा। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौटाला मौजूद थे, उन्होंने भी शहर की कई निचली बस्तियों में निरीक्षण कर आवश्यक मदद के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।



दो बत्ती न्यू रोड पर भी पानी भराया।



वकील कॉलोनी की बस्तियों में पानी भरने से लोग छतों पर चढ़े

चढ़कर अपना बचाव करना पड़ा।

### पटरियों पर पानी

भारी बारिश के कारण रेलवे स्टेशन तथा पटरियों पर पानी का भराव होने से कई ट्रेनों को रोका गया, जिसके कारण ट्रेनें विलम्ब से चली।

### कलेक्टर व एसपी ने जायजा लिया

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा एसपी गौरव तिवारी द्वारा

लिया , साथ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया भी थे । कलेक्टर ने रहवासियों से चर्चा की, उनकी समस्या सुनी और तत्काल निराकरण के लिए निगमायुक्त को निर्देशित किया ।

### नालों से कब्जे हटेंगे

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा मौसम पश्चात अक्टूबर माह में सीमांकन किया जाकर नालों से अतिक्रमण हटाया जाए ताकि भविष्य में जलभराव नहीं हो। इस



रोडवेज बस स्टैंड पर भराया पानी

### पुल-पुलिया, रपटों पर निगरानी के निर्देश

भारी वर्षा के मद्देनजर पूरे जिले में प्रशासन अलर्ट पर हैं । कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं । लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग को पुल-पुलिया रपटों पर विशेष रूप से निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था की गई है । रविवार सुबह कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रतलाम शहर के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा से हुए जलजमाव एवं अन्य आंकलन के लिए भ्रमण किया जाकर जायजा लिया गया।



धोलावाड़ बांध के गेट खोले

### बांगरोद तालाब ओवरफ्लो अधिकारी पहुंचे

ग्राम बांगरोद के आरईएस के

आरईएस के कार्यपालन यंत्री को भी मौके पर जायजा लेने के लिए निर्देशित किया। भविष्य में तालाब पर कोई नुकसान या ओवर फ्लो नहीं हो इसके लिए कार्यपालन यंत्री को आंकलन हेतु निर्देश दिए।

### कंट्रोल रूम स्थापित

नगर निगम रतलाम द्वारा वर्षा के मौसम में किसी भी सूचना एवं जानकारी के आदान-प्रदान

## जिला सामान्य बारिश से अब 23.8 मिमी दूर

जिले में अब तक 894.5 मिमी बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में 999.5 मिमी पानी बरसा था। जिला अब कुल सामान्य बारिश से महज 23.8 मिमी पीछे है। जिले की आलोट, जावरा व ताल तहसील को छोड़कर शेष सभी तहसीलें गत वर्ष की तुलना में पिछड़ी हुई हैं। आलोट में 74 मिमी, जावरा में 82 मिमी, ताल में 86.8 मिमी ज्यादा बारिश हुई है, वहीं पिपलौदा में 114 मिमी, बाजना में 500 मिमी, रतलाम में 66 मिमी, रावटी में 151.8 मिमी, सैलाना में 251 मिमी पानी कम बरसा है। जिले की कुल सामान्य बारिश 918.3 मिमी और अब तक की 845.5 मिमी है।

## 2006 और 2015 के बाद सबसे तेज बारिश

शहर में एक दिन में तेज व भारी बारिश 25 जुलाई 2015 को हुई थी, तब 16 घंटेमें 375 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। इसके पहले वर्ष 2006 में अगस्त में एक दिन में 325 इंच बारिश हुई थी। इसके बाद रविवार को जिले में 30 घंटों में 242 मिमी बारिश हुई। अब तक की सर्वाधिक बारिश वर्ष 2006 में 1995.8 मिमी हुई थी।

## कलेक्टर-एसपी करते रहे शहर का दौरा

भारी वर्षा के मद्देनजर जिले में प्रशासन अलर्ट है। रविवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के साथ शहर के काजीपुरा, दानीपुरा, दो बत्ती, शेरानीपुरा, मुखर्जी नगर, सिद्धांचलम एक्सटेंशन कालोनियों में पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया और लोगों की समस्याएं सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग को पुल, पुलिया, रपटों पर विशेष रुप से निगरानी के लिए निर्देशित किया है।



ऊंकाला गणेश मंदिर क्षेत्र मे हुआ जलजमाव। ● नईदुनिया



अमृत गार्डन के सामने दोपहर दो बजे तक जलजमाव रहने पर फोरलेन तोड़कर पानी की निकासी करनी पड़ी। ● नईदुनिया

## नालों से अतिक्रमण हटेगा

निरीक्षण के दौरान नालों पर अतिक्रमण के चलते जलभराव होने की बात सामने आने पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा मौसम पश्चात अक्टूबर माह में सीमांकन किया जाकर नालों से अतिक्रमण हटाया जाए।

## बांगरोद तालाब ओवरफ्लो

ग्राम बांगरोद में आरइएस के तालाब के ओवरफ्लो की सूचना मिलने पर कलेक्टर पुरुषोत्तम द्वारा तहसीलदार रमेश मसारे, अनीता चौकोटिया, आरइएस के कार्यपालन यंत्री को मौके पर भेजा गया। तालाब का बैक वाटर गांव में घुसने से ग्रामीण परेशान होते रहे। सरपंच प्रतिनिधि समरथ पाटीदार, सचिव संतोष पाटीदार, पटवारी तेजवीर चौधरी ने स्थिति का जायजा लिया।

## कंट्रोल रूम स्थापि

नगर निगम द्वारा बारिश
लिए कंट्रोल रूम स्थापित
है। जिसका नंबर 074122
है। इसके अलावा जिला स्त
रूम पूर्व से कार्यरत है जि
07412270416 है।

## शहर में जलभराव के हालात इस तरह

**हनुमान ताल :** गत सप्ताह
के चलते हनुमान ताल लबाल
था। रविवार को भारी बारिश
में पानी की आवक निकासी क
करीब दो गुना हो गई और वेस्ट
ऊपर से पानी बहने लगा। इससे
के रहवासी इलाकों में भी चिंता
बनी रही।

**जवाहर नगर :** शहर में
वाले इलाकों में शामिल जव
व आसपास के क्षेत्र में घरों
घुटनों तक पानी भरा गया। य
वाले नाले के बैक वाटर से भी
जलमग्न हो गई।

**शास्त्री नगर :** करीब सात
शास्त्री नगर नाले का पानी घर
और लोग परेशान हुए। पहले
पानी जमा होता था, लेकिन अ
हटाने व नालों की सफाई से
सालों से लोगों को कुछ राहत मि



भारी बारिश से नुकसानी का जायज
लेते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र
कटारिया। ● नईदुनिया



शनिवार शाम से जारी झमाझम बारिश से करिया का हनुमान सागर तालाब लबालब हो गया। ● नईदुनिया





# जिले में बारिश का कहर, सीवेज फेल होने से घरों में घुसा पानी





## शहर में 24 घंटे में 3 इंच बारिश दर्ज की गई

इसके साथ यह भी बताते चले कि, रतलाम शहर में बारिश के कारण डाट की पुल, पीएनटी कॉलोनी, शास्त्री नगर, डोंगरे नगर ,शिवम कॉलोनी, चौमुखीपुल, हिम्मतनगर सहित कई इलाकों में घरों तक में पानी घुस गया, सड़कें भी जलमग्न है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह 8 बजे से रविवार सुबह 8 बजे तक 24 घंटे में रतलाम में 3 इंच बारिश दर्ज की गई है। तो वहीं, भू-अभिलेख विभाग से मिले आंकडों के मुताबिक, आज सुबह 8 बजे तक जिले में औसतन डेढ़ इंच बारिश हो चुकी है, जबकि रतलाम शहर में अब तक कुल साढे 36 इंच बारिश दर्ज की गई है। जावरा में अब तक 44 इंच के लगभग बारिश हो चुकी है। इसके विपरित जिले में सबसे कम बारिश बाजना में दर्ज की गई है। बाजना में 28 इंच बारिश हुई है।

## नाले का पानी घरों में घुसा

रतलाम मराठो का वास नाले का पानी नाले के आसपास रहने वालों के घरों में घुस गया सडके तालाब बन गई पानी का बहाव इस था के दुपहिया वाहन तिनको की तरह बहने लगे सडक पर पानी कमर तक बह निकला पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इकराम इक्का बेलूत ने कहा कि समय रहते अमृत मिशन योजना में पक्का नाला बन गया होता तो लोगो को परेशानी नही उठानी पडती।



सब्जी मंडी में इस तरह पानी भराया



दो बत्ती न्यू रोड पर भी पानी भराया।



रोडवेज बस स्टैंड पर भराया पानी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर सहित आसपास इलाके में आज मूसलधार बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हो गया। प्रात: 8 से लगाकर दोपहर 2 बजे तक 160 मि.मी. (याने करीब 7 इंच ) वर्षा रिकार्ड दर्ज की गई है। जबकि प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों में रतलाम में 74 मि.मी. (याने तीन इंच) वर्षा दर्ज की गई थी। इस तरह हुई जोरदार बारिश के कारण जहां विद्युत प्रवाह बाधित हुआ, वहीं रेल और सड़क मार्ग भी घंटों तक जाम रहा। धोलावाड़ जलाशय के छह ही गेट आज खोल दिए गए। शनिवार को ग्राम करमदी की रपट पर आए पानी की वजह से एक बाइक चालक डूबते-डूबते बचा, जबकि उसकी बाइक पानी के बहाव में बह गई। दोपहर बाद थोड़ी देर के लिए धूप भी निकल गई, जिससे लोगों को राहत भी मिली। वहीं बारिश भी रूक गई थी।

शनिवार रात से ही मूसलधार बारिश इतनी जोरदार हुई कि रतलाम शहर का शायद ही कोई इलाका ऐसा बचा होगा जहां पर जल प्लावन की स्थिति नहीं बनी हो। शहर की निचली बस्तियों में जलबहाव के कारण लोगों को अन्य स्थानों पर भेजा गया। भोई पुरा, शैरानीपुरा, सिलावटों का वास, हरिजन बस्ती सहित वकील कॉलोनी के समीप बनी आदिवासियों की बस्ती में भी पानी भर गया। इसी तरह दो बत्ती, ठंकाला रोड, चौमुखीपुल, घासबाजार, सैठजी का बाजार, जवाहर नगर, सब्जी नीलाम मंडी, सैलाना बस स्टैण्ड, बस स्टैण्ड महू रोड, पत्रकार कॉलोनी सहित अन्य बस्तियों में 2 से 5 फीट तक पानी सड़कों पर भरा हुआ था। इसी कारण कई घरों में भी पानी घुस गया। जिस स्थान के आसपास बड़े-बड़े नाले बह रहे है वहां तो स्थिति बहुत चिंताजनक हो गई थी।

जैन स्कूल के पीछे बोहरा कब्रिस्तान की दीवार टूटने से पटेल कॉलोनी के कई मकानों में पानी घ्स गया। कलेक्टर कुमार पुरु॰ , निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने कई बस्तियों का सुबह से ही अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश देकर प्रभावित लोगों की सहायता के आदेश दिए।

पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी के पास भी कई प्रभावित बस्तियों के लोग पहुंचे तथा उन्होंने सहयोग की अपेक्षा की, तत्पश्चात उन्होंने अधिकारियों को फोन पर निर्देश देते हुए प्रभावितों को आवश्यक मदद करने को कहा। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौटाला मौजूद थे, उन्होंने भी शहर की कई निचली बस्तियों में निरीक्षण कर आवश्यक मदद के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि वकील कॉलोनी स्थित नाले के समीप बनी बस्ती की स्थिति तो यह हो गई थी कि लोगों को छत पर चढ़कर अपना बचाव करना पड़ा।

## पटरियों पर पानी

भारी बारिश के कारण रेलवे स्टेशन तथा पटरियों पर पानी का भराव होने से कई ट्रेनों को रोका गया, जिसके कारण ट्रेनें विलम्ब से चली।

## कलेक्टर व एसपी ने जायजा लिया

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा एसपी गौरव तिवारी द्वारा रविवार प्रात: शहर के काजीपुरा, दानीपुरा, दो बत्ती ,शैरानीपुरा ,मुखर्जी नगर, सिद्धांत चलम एक्सटेंशन कॉलोनियों में पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया , साथ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया भी थे । कलेक्टर ने रहवासियों से चर्चा की, उनकी समस्या सुनी और तत्काल निराकरण के लिए निगमायुक्त को निर्देशित किया ।

## नालों से कब्जे हटेंगे

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा मौसम पश्चात अक्टूबर माह में सीमांकन किया जाकर नालों से अतिक्रमण हटाया जाए ताकि भविष्य में जलभराव नहीं हो। इस दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी और उपायुक्त विकास सोलंकी भी मौजूद थे।

स्वदेश

## लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम अभिषेक गहलोत तथा तहसीलदार गोपाल सोनी,राजस्व तथा नगर निगम के अमले द्वारा शहर रतलाम में निचली बस्तियों में पानी भर जाने से रहवासियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया । शहर के भोई मोहल्ला, लालजी का वास, बिरियाखेड़ी, कसाई मंडी क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया उनके लिए भोजन व्यवस्था भी की गई ,लगभग 600 भोजन पैकेट वितरित किए गए।



वकील कॉलोनी की बस्तियों में पानी भरने से लोग छतों पर चढ़े

## पुल-पुलिया, रपटों पर निगरानी के निर्देश

भारी वर्षा के मद्देनजर पूरे जिले में प्रशासन अलर्ट पर हैं । कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं । लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग को पुल-पुलिया रपटों पर विशेष रूप से निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है और सुरक्षा व्यवस्था की गई है । रविवार सुबह कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा रतलाम शहर के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा से हुए जलजमाव एवं अन्य आंकलन के लिए भ्रमण किया जाकर जायजा लिया गया।



धोलावाड़ बांध के गेट खोले

## बांगरोद तालाब ओवरफ्लो अधिकारी पहुंचे

ग्राम बांगरोद के आरईएस के तालाब में ओवरफ्लो की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा तहसीलदार रमेश मसारे एवं श्रीमती अनीता चौकोटिया को मौके पर भेजा गया । साथ ही आरईएस के कार्यपालन यंत्री को भी मौके पर जायजा लेने के लिए निर्देशित किया। भविष्य में तालाब पर कोई नुकसान या ओवर फ्लो नहीं हो इसके लिए कार्यपालन यंत्री को आंकलन हेतु निर्देश दिए।

## कंट्रोल रूम स्थापित

नगर निगम रतलाम द्वारा वर्षा के मौसम में किसी भी सूचना एवं जानकारी के आदान-प्रदान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नंबर 07412 2 70563 है, इसके अलावा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पूर्व से कार्यरत है, जिसका नंबर 07412 270 416 है।



भारी बारिश से रोडवेज बस स्टैंड पर हुआ जलजमाव। ©नईदुनिया

नईदुनिया २०/७/२१

...शहर की एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में भारी जलजमाव, सड़कों ने लिया तलैया का रूप, रहवासी इलाके बने तालाब



पत्रिका २०/७/२१

# नी घुसा, नदी-नाले उफान पर, दीवार भी टूटी










र इस पानी को निकालने में खासी करना पडी। वहीं कई स्थानों पर टूट गई।


हरा कब्रिस्तान के बाहर की एक भारी बारिश की वजह से टूट गई। गर निगम परिसर के पीछे बनी नगर की बाउण्ड्रीवाल टूटने से नजर बाग लोनी के भी कई मकानों में पीछे घुस गया। भारी बारिश के चलते स्टेशन की तमाम पटरियां पानी में । रेलवे स्टेशन के पानी में डूब जाने ह से रतलाम से गुजरने वाली कई डियां प्रभावित हुई है। रेलवे के रिक सूत्रों के मुताबिक मुंबई की जाने वाली तीन अप गाडियां -बान्द्रा, भीलवाडा-रतलाम डेमू गदा-रतलाम डेमू को रतलाम या पहले रोका गया। इसी तरह मुंबई र से आने वाली डाउन गाडियां -हरिद्वार, त्रिवेन्द्रम-दीन, महू- रतलाम डेमू, और -कोटा गाडियां इस भारी वर्षा के निर्धारित समय से देरी से चलाई जा । इन सभी गाडियों को रतलाम या पहले रोका गया है।

## कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

शहर के नालों में आए उफान और कई इलाकों में हुए जलजमाव का जायजा लेने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी ने भी पूरे शहर का भ्रमण किया। दोनो अधिकारियों ने कोजीपुरा सैरानीपुरा इत्यादि क्षेत्रों से गुजरने वाले नाले का अवलोकन किया। इसके साथ ही दोनो अधिकारी हनुमानताल भी पंहुचे, जहां उन्होने गणपति विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा की गई मूर्ति संग्रहण व्यवस्था को भी देखा।

## धोलावाड डैम के सभी गेट खोले

जबर्दस्त बारिश के चलते आखिरकार इस सीजन में पहली बार ढोलावड डैम के सभी गेट पूरी क्षमता के साथ खोल दिए गए। ढोलावड के प्रभारी एसके मिश्रा ने बताया कि तेज बारिश को देखते हुए जल संसाधन विभाग का तमाम अमला अलर्ट पर रखा गया था। सुबह छह बजे डैम केदो गेट खोले गए थे, लेकिन बाद में बान्ध में पानी की आवक बढने के साथ डैम के सभी गेट खोल दिए गए।





नवभारत
नवभारत 20/9/21

# वर्षा के मद्देनजर जिले में प्रशासन अलर्ट, पुल-पुलियाओं पर की गई सुरक्षा व्यवस्था

## कलेक्टर- एसपी ने शहर में भ्रमण कर जल भराव का जायजा लिया



**प्रसारण न्यूज़** * रतलाम

भारी वर्षा के मद्देनजर पूरे जिले में प्रशासन अलर्ट पर है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सभी एस डी एम तहसीलदारों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग को पुल-पुलिया, रपटों पर विशेष रुप से निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है, सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रविवार सुबह कलेक्टर पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक तिवारी द्वारा रतलाम शहर के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा से हुए जल जमाव एवं अन्य आकलन के लिए भ्रमण किया जाकर जायजा लिया गया।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर एस डी एम अभिषेक गेहलोत तथा तहसीलदार गोपाल सोनी, राजस्व तथा नगर निगम के अमले द्वारा शहर रतलाम में निचली बस्तियों में पानी भर जाने से रहवासियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शहर के भोई मोहल्ला, लालजी का वास, बिरियाखेड़ी, कसाई मंडी क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उनके लिए भोजन व्यवस्था भी की गई, लगभग 600 भोजन पैकेट वितरित किए गए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा एस पी गौरव तिवारी द्वारा रविवार प्रातः शहर के काजीपुरा, दानीपुरा, दो बत्ती, शैरानीपुरा, मुखर्जी नगर, सिद्धांत चलम एक्सटेंशन कॉलोनियों में पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया गया। साथ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया भी थे। कलेक्टर ने रहवासियों से चर्चा की, उनकी समस्या सुनी और तत्काल निराकरण के लिए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया।

### नालों से अतिक्रमण हटेगा

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सुबह निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मकानों में वर्षा के जलभराव का मुख्य कारण नालों पर अतिक्रमण है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वर्षा मौसम पश्चात अक्टूबर माह में सीमांकन किया जाकर नालों से अतिक्रमण हटाया जाए। ताकि भविष्य में जलभराव नहीं हो। इस दौरान नगर निगम के कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपायुक्त विकास सोलंकी भी मौजूद थे।

### बांगरोद तालाब ओवरफ्लो, अधिकारी पहुंचे


ग्राम बांगरोद के आरईएस के तालाब में ओवरफ्लो की सूचना मिलने पर कलेक्टर पुरुषोत्तम द्वारा तहसीलदार श्री रमेश मसारे एवं श्रीमती अनीता चौकोटिया को मौके पर भेजा गया। साथ ही आर ई एस के कार्यपालन यंत्री को भी मौके पर जायजा लेने के लिए निर्देशित किया गया। भविष्य में तालाब पर कोई नुकसान या ओवर फ्लो नहीं हो इसके लिए कार्यपालन यंत्री को आकलन हेतु निर्देश दिए।

### कंट्रोल रूम स्थापित

नगर निगम रतलाम द्वारा वर्षा के मौसम में किसी भी सूचना एवं जानकारी के आदान-प्रदान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका नंबर 07412 270563 है इसके अलावा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पूर्व से कार्यरत है जिसका नंबर 07412 270 416 है।

प्रसारण 20/9/21

**जल कहर...** शहर की एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में भारी जलजमाव, सड़कों ने लिया तलैया का रूप, रहवासी इलाके



पत्रिका २०/७/२१

# बाईजी का वास में तीन मकान हुए धराशायी, निगम की दीवार भी गि



**रतलाम.** शहर में सुबह 7 बजे बाद से शुरू हुई तेज बारिश का असर आर्थिक रुप से कमजोर बस्तियों में सबसे अधिक हुआ। बाईजी का वास में तीन कच्चे मकान धराशायी हो गए। सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक तेज बारिश का दौर जारी रहा। नगर निगम में बाउंड्रीवाल भी टूटकर गिर गई।

शहर के बाईजी का वास में जो तीन कच्चे आवास धराशायी हुए सबसे पहले मजदूरी करने वाली विधवा महिला परवीन का गिरा। मकान गिरने के बाद आसपास के पड़ोसी मदद को आए व मदद कर रहे थे इतने में एक और पड़ोसी मजदूरी करने वाली भूरी बी का मकान गिर गया। भूरी चाय गैस पर रखकर बाहर बिस्किट लेने गई थी। इसी प्रकार एक अन्य पड़ोसी मजदूरी करने वाली नीलोफर का आवास भी गिर गया।

**यहां गिर गई दीवार-** नगर निगम में जब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, आयुक्त सोमनाथ झारिया व पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी शहर में बारिश के बाद के हालात के जायजा लेने की तैयारी कर रहे थे उसी समय पीछे की तरफ की बाउंड्रीवाल गिर गई। इससे अनिल बरमेचा के घर की दीवार को टूटी दीवार छू गई। इसके बाद नगर निगम की दीवार के सहारे जो ट्रैक्टर खड़ा था वो भी गिर गया। यह दीवार करीब डेढ़ वर्ष बनी थी। इसके बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल को जांच के आदेश दिए है।

**कांग्रेस पहुंची मदद को-** आवास गिरने की सूचना मिलने के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, प्रवक्ता जोएब आरिफ, महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी आदि पहुंचे व मदद की।



पत्रिका 20/9/21

# कोरोना संकट काल में किए गए सेवा कार्यों एवं शहर के चौतरफा विकास करने पर भाजपा ने किया शहर विधायक का अभिनंदन




**रतलाम।** विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा कोरोना संकट काल में किए गए सेवा कार्यों एवं शहर के चौतरफा विकास कार्य करने पर भारतीय जनता पार्टी ने समारोहपूर्वक अभिनंदन किया। इस मौके पर श्री काश्यप ने कहा कि उन्होंने विधायक होने का दायित्व निभाया है। निष्ठा और समर्पण के साथ जो भी जिम्मेदारी मिले उसे पूरा किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। नगर के विकास का लाभ हर परिवार को मिलेगा। कोरोना की तीसरी लहर की संभावना जताई जा रही है। यदि ऐसी स्थिति बनी तो उसमें भी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। कार्यकर्ताओं के विश्वास को वे कभी टूटने नहीं देंगे।

विधायक काश्यप का समारोह में भाजपा के पांचों मंडलों की और से अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, कृष्ण कुमार सोनी एवं करणधीर्य बडगोत्या द्वारा साफा, शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यकर्ताओं की ओर से 51 किलो वजनी माला भी पहनाई गई। इस मौके पर श्री काश्यप को मंडल पदाधिकारी तन्मय त्रिवेदी द्वारा तैयार किए गए मेडीकल कॉलेज में स्थापित पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का मॉडल भी भेंट किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मंत्री सोना शर्मा, शैलेन्द्रसिंह सिसोदिया, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव एवं सह प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने पुष्प भेंट कर श्री काश्यप का अभिनंदन किया। पार्टी के वरिष्ठजनों, जिला एवं मंडल पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी श्री काश्यप का सम्मान किया।

अभिनंदन समारोह को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, महापौर शैलेन्द्र डागा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, करणधीर्य बडगोत्या आदि ने भी संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि रतलामवासी सौभाग्यशाली है जिन्हें श्री काश्यप जैसा जनप्रतिनिधि मिला है। श्री काश्यप हर कार्य योजनाबद्ध तरीके से करते हैं और इसी कारण सेवा के अनुपम कार्यों के साथ-साथ रतलाम का चौतरफा विकास हो रहा है। सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से विधायक काश्यप का मार्गदर्शन प्राप्त कर आगे बढने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी द्वारा किया गया। २१७

[illegible] २०/७/२१

दैनिक भास्कर

# अनंत पानी दुहाई नगर निगम



...कुछ मकान क्षतिग्रस्त भी हुए।

**अनंत चतुर्दशी पर सुबह से दोपहर तक हुई छह इंच बारिश ने नगर निगम की लापरवाही को उधेड़ कर रख दिया। सीवरेज, बरसाती नाला के चार से पांच साल पुराने प्रोजेक्ट को अगर समय रहते पूरा कर लिया जाता तो शहर में जगह-जगह जलजमाव और घरों में पानी घुसने की नौबत नहीं आती।**

**भास्कर लाइव**
4 घंटे- 4 रिपोर्टर

रतलाम | अनंत चतुर्दशी पर बादल जिस तेजी से बरसे उसका कोई अनुमान नहीं लगा पाया। पानी बरसने की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि पौन घंटे में ही नाले-नालियां और ड्रेनेज ओवरफ्लो हो गए। ठीक से सफाई नहीं होने से नाले कई जगह से जाम हो गए थे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी और नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया के साथ जल भराव का जायजा लेने निकले लेकिन कर कुछ भी नहीं पाए।

## पानी इतना तेजी से बरसा कि सारे इंतजाम हुए फेल

### स्टेशन मैनेजर ने स्टाफ के साथ पानी में उतरकर साफ कराया ड्रेनेज, तब जाकर खाली हुआ ट्रैक

रेलवे स्टेशन से शिवेंद्र दुबे

स्टेशन के सभी 6 प्लेटफॉर्म के ट्रैक पर सुबह 7.30 बजे से पानी भराने लगा था। सुबह 8.20 तक पानी प्लेटफॉर्म के स्तर तक भरा गया था। कंट्रोल को अलर्ट करके तुरंत ट्रेनों का मूवमेंट रोक दिया गया। इसके बाद स्टेशन मैनेजर विजय सिंह सिसौदिया अन्य स्टाफ के साथ पानी में उतरे। दो बड़े पंप मंगाकर प्लेटफॉर्म चार के नागदा छोर पर लगाने पड़े। तब जाकर सुबह 11.30 बजे तक ट्रैक क्लीयर हुआ। सिग्नल, टेलीकॉम व अन्य इंतजामों को चेक कर यातायात चालू किया।



प्लेटफॉर्म के पास इस तरह पंप लगाकर पानी निकाला गया।

### घर में घुसा पानी तो पार्थिव देह को पलंग पर लेटाया, घुटने तक भरे पानी में निकली अंतिम यात्रा

निराला नगर से जितेंद्र श्रीवास्तव

निरालानगर निवासी सोबरन सिंह चाहर (82) का शनिवार रात निधन हो गया। सिंधी समाज शव वाहन समिति के राजू मलकानी ने सूचना तुरंत वाघेला जीव दया समिति के दिनेश वाघेला को दी। उन्होंने शव वाहन भेजा लेकिन वाहन बरबड़ फोरलेन तक पहुंच पाया। परिजन ने घुटने तक भरे पानी में ही अंतिम यात्रा निकाली। इसी प्रकार भोयरा बावड़ी की गीताबाई तंवर (90) का सुबह अंतिम संस्कार होना था। त्रिवेणी मुक्तिधाम का नाला पुर आने से जवाहर नगर में अंतिम क्रिया हुई।



निरालानगर में घुटने तक भरे पानी से निकली अंतिम यात्रा।

### घर में पानी था, पलंग पर बैठकर गुज़ारा समय, पानी उतरा तो लोगों के घरों से निकले सांप

शास्त्री नगर से विकल्प मेहता

शास्त्री नगर से गुजर रहे शहर के सबसे बड़े नाले की सालभर पहले ही बनी सीमेंट कांक्रीट की दीवार टूट गई। इससे पानी रुका तो नाला उफन गया।कुछ युवा पॉवर हाउस वाले तिराहे पर खड़े होकर लोगों को रोक रहे थे। बिल्डिंग के पहले माले पर खड़े आशुतोष चौहान ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर पानी भर गया है। दोपहर करीब 12 बजे बारिश रुकने के बाद पानी उतरने लगा था। एक बजे तक स्थिति सामान्य हुई। पानी उतरने के बाद सांप व अन्य जानवर निकल आए। घर के बाहर सफाई कर रहे भीमशंकर सगरवाल तब घबरा गए जब एक एक सांप उनके पैर के पास आ गया। पड़ोसियों ने चिल्लाकर सचेत किया तो संभलकर भीमशंकर ने लकड़ी के सहारे सांप को नाले की तरफ का रास्ता दिखाया।

भास्कर

### सीएसपी ने कॉल किया तो स्टेशन रोड थाना प्रभारी बोले-सर, मेरे घर में भी पानी भर गया है

स्टेशन रोड थाने से कमलेश पांडे


सुबह 8.30 बजे स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला के दो बत्ती पुलिस लाइन स्थित सरकारी मकान में पानी भरा गया था। पत्नी अंजना की सूचना पर थाने से लौटे पाटनवाल घर का सामान टेबल और पलंग पर रख ही रहे थे कि वायरलेस सेट पर सीएसपी हेमंत चौहान का कॉल आ गया। पाटनवाला बोले-सर, मेरे घर में भी पानी भर गया है। यही स्थिति पूरे पुलिस महकमे की थी। कसाई मंडी में पानी भरने से पुलिस ने कई परिवारों को जमातखाने में शिफ्ट किया। ईसरथुनी रपट पानी आने से बंद हो गई। इससे दोनों तरफ गणपति विसर्जन चल समारोह में आए लोगों की भीड़ लग गई। औद्योगिक थाना प्रभारी टीआई ओपी सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। करमदी नाले में एक व्यक्ति की बाइक बह गई।

# रतलाम में बारिश की चित्रमयी झलकियां











प्रसार०

प्रसार०/ २०/९/२१

# डेंगू पर 11 राज्यों को केन्द्र ने चेताया

## त्यौहारों पर ज्यादा भीड़ न होने दें

नई दिल्ली, 19 सितंबर. देश में कई राज्यों में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं. 11 राज्यों में डेंगू के ज्यादा खतरनाक स्ट्रेन के मामले सामने आ रहे हैं. केंद्र सरकार ने ऐसे राज्यों को मामलों का शुरू में ही पता लगाने, बुखार हेल्पलाइन शुरू करने, पर्याप्त मात्रा में जांच किट, लार्वानाशक और दवाओं का भंडार रखने जैसे कदम उठाने के लिए कहा है.

कोविड-19 की स्थिति को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक में राज्यों को आगामी त्योहारों को देखते हुए ज्यादा भीड़ एकत्र न हो सके यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है.

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बैठक के दौरान राज्यों से सीरोटाइप-2 डेंगू संबंधी उभरती हुई चुनौती की त्वरित जांच के लिए टीमों की तैनाती करने के लिए कहा है. यह टाइप बीमारी के अन्य स्वरूपों के मुकाबले अधिक मामलों और जटिलताओं वाला स्वरूप है. राज्यों को सुझाव दिया गया कि बुखार सर्वेक्षण, संपर्कों का पता लगाने, रोगवाहकों पर नियंत्रण, रक्त और रक्त तत्वों, खासकर प्लेटलेट का पर्याप्त भंडार बनाए रखने के लिए रक्त बैंकों को तैयार रखने जैसी आवश्यक जनस्वास्थ्य कार्रवाई की जानी चाहिए.

### मध्यप्रदेश के साथ यूपी व महाराष्ट्र भी शामिल

जिन राज्यों में सीरोटाइप-2 डेंगू के मामले आ रहे हैं उनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल है. इससे पहले, स्वास्थ्य मंत्रालय ने अगस्त और 10 सितंबर को राज्यों को एडवाइजरी जारी की थी.

नवभारत

नवभारत २०/९/२१

# अनंत पा



शेरानीपुरा के कसाई मंडी में बारिश से हालात खराब हो गए। यहां लोगों के घर पानी में डूब गए। नाला पूरे उफान पर रहा। कुछ मकान क्षतिग्रस्त भी हुए।

अनंत चतुर्द
रख दिया। स
लिया जाता

भास्कर

4 घंटे- 4

## पानी

### स्टेशन मैनेज
### साफ कराय

रेलवे स्टेशन

स्टेशन के सभी
ट्रैक पर सुबह 7
भराने लगा था।
पानी प्लेटफॉर्म
गया था। कंट्रोल
तुरंत ट्रेनों का
गया। इसके बा
विजय सिंह
स्टाफ के साथ
बड़े पंप मंगाक
के नागदा छोर
तब जाकर सु
तक ट्रैक क्लीय
टेलीकॉम व अ
चेक कर याताय

### घर में पानी
### पानी उतरा

शास्त्री नगर से
ही बनी सीमेंट
उफन गया।कुछ
को रोक रहे थे।
बताया कि ग्राउं
बारिश रुकने
सामान्य हुई। प
घर के बाहर स
एक एक सांप
सचेत किया त
नाले की तरफ

# धोलावाड डेम के सभी गेट खोले



जबर्दस्त बारिश के चलते आखिरकार इस सीजन में पहली बार डोलावड डेम के सभी गेट पूरी क्षमता के साथ खोल दिए गए। डोलावाड के प्रभारी एस के मिश्रा ने बताया कि तेज बारिश को देखते हुए जल संसाधन विभाग का तमाम अमला अलर्ट पर रखा गया था। सुबह छः बजे डेम के दो गेट खोले गए थे, लेकिन बाद में बांध में पानी की आवक बढ़ने के साथ डेम के सभी गेट खोल दिए गए।

प्रसारण २०/९/२१

# घरों में पानी घुसा, नदी-नाले उफान पर, दीवार










रतलाम।-आधी रात के बाद शुरु हुई मूसलाधार बारिश ने शहर के कई ईलाकों में हाहाकार मचा दिया। सडके नदियों में तब्दील हो गई। घरों और दुकानों में पानी भरा गया। विद्युत मण्डल परिसर के पानी में डूब जाने की वजह से आधे शहर की

### कलेक्टर एसपी ने किया निरीक्षण

बिजली गुल कर दी गई। दोबत्ती चौराहे से न्यूरोड पर पानी इस तरह बह रहा था, जैसे कि यह सडक ना होकर कोई नही हो। पानी के तेज बहाव को देखते हुए इस चौराहे से आवागमन को बन्द कर दिया। कालिका माता स्थित झाली तालाब पूरी तरह भर चुका है। इसे देखने लोगों की भीड भी उमड रही है। न्यू रोड पर कई दुकानों और मकानों में पानी घुस गया। न्यूरोड पर स्थित एक शोरुम के तलघर में रखा सारा सामान पानी में तैरता दिखाई दिया। अजंता टाकीज क्षेत्र की पुलिस लाइन के तमाम घरों में पानी घुस गया। यहां तक कि पुलिस अधिकारियों के बंगले भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। इन बंगलों में भी पानी घुसा और इस पानी को निकालने में खासी मशक्कत करना पडी। वहीं कई स्थानों पर दीवारें टूट गई।

बोहरा कब्रिस्तान के बाहर की एक दीवार भारी बारिश की वजह से टूट गई। उधर नगर निगम परिसर के पीछे बनी नगर निगम की बाउण्ड्रीवाल टूटने से नजर बाग बैंक कालोनी के भी कई मकानों में पीछे से पानी घुस गया। भारी बारिश के चलते रेलवे स्टेशन की तमाम पटरियां पानी में डूब गई। रेलवे स्टेशन के पानी में डूब जाने की वजह से रतलाम से गुजरने वाली कई यात्रीगाडियां प्रभावित हुई है। रेलवे के अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक मुंबई की ओर जाने वाली तीन अप गाडियां हरिद्वार-बान्द्रा, भीलवाडा-रतलाम डेमू और नागदा-रतलाम डेमू को रतलाम या उससे पहले रोका गया। इसी तरह मुंबई की ओर से आने वाली डाउन गाडियां बान्द्रा -हरिद्वार, त्रिवेन्द्रम-निजामुद्दीन, महू- रतलाम डेमू, और बान्द्रा-कोटा गाडियां इस भारी वर्षा के कारण निर्धारित समय से देरी से चलाई जा रही है। इन सभी गाडियों को रतलाम या उससे पहले रोका गया है।

### कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

शहर के नालों में आए उफान और कई इलाकों में हुए जलजमाव का जायजा लेने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी ने भी पूरे शहर का भ्रमण किया। दोनो अधिकारियों ने कोजीपुरा सैरानीपुरा इत्यादि क्षेत्रों से गुजरने वाले नाले का अवलोकन किया। इसके साथ ही दोनो अधिकारी हनुमानताल भी पंहुचे, जहां उन्होने गणपति विसर्जन के लिए नगर निगम द्वारा की गई मूर्ति संग्रहण व्यवस्था को भी देखा।

### धोलावाड डैम के सभी गेट खोले

जबर्दस्त बारिश के चलते आखिरकार इस सीजन में पहली बार ढोलावड डैम के सभी गेट पूरी क्षमता के साथ खोल दिए गए। ढोलावड के प्रभारी एसके मिश्रा ने बताया कि तेज बारिश को देखते हुए जल संसाधन विभाग का तमाम अमला अलर्ट पर रखा गया था। सुबह छह बजे डैम केदो गेट खोले गए थे, लेकिन बाद में बान्ध में पानी की आवक बढने के साथ डैम के सभी गेट खोल दिए गए।





## वर्षा से क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे सोमवार की सुबह से प्रारंभ करेंगे, 24 घंटों में राहत राशि बैंक खातों में पहुंच जाएगी

रतलाम। शहर मे भारी वर्षा से मकानो की क्षति की सूचना मिली है क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वेक्षण 20 सितंबर सोमवार की प्रात: प्रारंभ कर शाम तक पूर्ण कर लिया जाएगा और 24 घंटों में राहत राशि संबंधित व्यक्तियों के बैंक खातों में पहुंचा दी जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि क्षति के आंकलन के लिए 5 दलों का गठन किया गया है। सर्वेक्षण दलों को तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि सोमवार शाम तक सर्वेक्षण पूर्ण किया जाकर मंगलवार को राशि संबंधित व्यक्तियों के खातों में पहुंचाई सकेगी। प्रारंभिक आंकलन के मुताबिक 20 से 22 मकानों के क्षतिग्रस्त होने का अनुमान है, सही संख्या सर्वे पश्चात पता चलेगी।

प्रसारण

प्रसारण 20/9/21

## ईदगाह रोड पर अवैध निर्माण कार्य रोकने के निर्देश

रतलाम ● ईदगाह रोड स्थित सर्वे क्रमांक 634 में से वादग्रस्त भूमि जिसमें नूतन स्कूल का रकबा भी शामिल है और बोहरा समाज द्वारा निर्माण करवाया जा रहा है। इस संबंध में उच्च न्यायालय खण्ड पीठ के समक्ष सिविल रिविजन 591/2019 दायर की गई है, जो विचाराधिन है। माननीय न्यायालय में प्रचलित कार्रवाई के तारतम्य में प्रश्नाधिन भूमि पर कोई निर्माण कार्य न हो। यदि कोई निर्माण कार्य हो रहा है तो उसे तत्काल रोका जाए। यह निर्देश तहसीलदार नजूल ने राजस्व निरीक्षक नजूल मेहरबानसिंह मालवीय को जारी किए है।

स्वदेश

स्वदेश 20/9/21